महानगर नई दिल्ली सोमवार 16 मार्च, 2020, रु. 5.00 (14 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

प्रधानमंत्री मोदी ने दक्षेस में रखा कोरोना आपात कोष का सुझाव

74 करोड़ रुपए की प्रारंभिक पेशकश से शुरुआत कर सकता है भारत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 मार्च।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना विषाणु के खतरे से निपटने के लिए संयुक्त रणनीति अपनाने की वकालत करते हुए रविवार को दक्षेस में कोविड-19 आपात कोष सृजित करने का प्रस्ताव किया। उन्होंने कहा कि भारत इस कोष के लिए एक करोड़ डॉलर (लगभग 74 करोड़ रुपए) की प्रारंभिक पेशकश से शुरूआत कर सकता है।

श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने कोरोना विषाणु से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए दक्षेस मंत्रिस्तरीय समूह के गठन का प्रस्ताव किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम साथ मिलकर इससे बेहतर ढंग से निपट सकते हैं, दूर जाकर नहीं।

वहीं दक्षेस देशों के साथ कोरोना विषाणु पर संवाद के दौरान पाकिस्तान ने कश्मीर का मुद्दा उठा दिया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के स्वास्थ्य मामलों पर विशेष सहायक जफर मिर्जा ने कहा कि कोरोना विषाणु के खतरे से निपटने के लिए जम्मू कश्मीर में सभी तरह की पाबंदियों को हटा लेना चाहिए। पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने कोरोना विषाणु से निपटने के लिए चीन बाकी पेज 8 पर

पाकिस्तान का बेसुरा राग

दक्षेस देशों के साथ कोरोना के खतरे पर संवाद के दौरान पाकिस्तान ने कश्मीर का मुद्दा उठा दिया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के स्वास्थ्य मामलों पर विशेष सहायक जफर मिर्जा ने कहा कि कोरोना विषाणु के खतरे से निपटने के लिए जम्मू कश्मीर में सभी तरह की पाबंदियों को हटा लेना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा

150 मामले आए हैं दक्षेस क्षेत्र में कोरोना विषाणु से संक्रमण के

कोरोना पर दक्षेस देशों के नेताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या सौ पार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 मार्च।

कोरोना विषाणु (कोविड-19) के 23 नए मामले सामने आने के बाद भारत में कोरोना विषाणु से संक्रमित लोगों की संख्या रविवार को बढ़कर 107 हो गई। इन 23 नए मामलों में से 17 सिर्फ महाराष्ट्र से हैं।

23 नए मामले सामने आए शनिवार से रविवार के बीच संक्रमण के

31 हुई महाराष्ट्र में संक्रमित लोगों की संख्या

नए मामले सामने आने के बाद महाराष्ट्र में संक्रमित लोगों की संख्या देश में सबसे अधिक 31 हो गई है। इसके अलावा केरल से तीन, तेलंगाना से दो और राजस्थान से एक व्यक्ति है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इनमें वे दो लोग भी शामिल हैं जिनकी दिल्ली और कर्नाटक में मौत हो चुकी है। स्थिति की समीक्षा के लिए मंत्री समूह की सोमवार को बैठक होगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन ने रविवार को स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य सचिव और विशेष सचिव के अलावा आइसीएमआर बाकी पेज 8 पर

करतारपुर साहिब की यात्रा रोकी गई

नई दिल्ली, 15 मार्च (भाषा)।

कोरोना विषाणु के प्रकोप के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान में स्थित करतारपुर साहिब गुरुद्वारे की धार्मिक यात्रा पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। यात्रा के लिए पंजीकरण रविवार को आधी रात से निलंबित कर दिया जाएगा।

पंजीकरण की प्रक्रिया भी रविवार मध्य रात्रि से निलंबित

गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि कोरोना के खतरे को देखते हुए सरकार ने रविवार की रात 12 बजे से अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए पाकिस्तान से सभी तरह के यात्रियों के आगमन पर रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि भारत में कोविड-19 के प्रकोप को देखते हुए और बीमारी के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए एहतियाती उपाय के तहत 16 मार्च 2020 (रविवार) रात 12 बजे से श्री करतारपुर साहिब की यात्रा और उसके लिए पंजीकरण को अगले आदेश तक अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया बाकी पेज 8 पर

इटली व ईरान से स्वदेश लाए गए 450 से ज्यादा भारतीय

दिल्ली/जैसलमेर, 15 मार्च (भाषा)।

कोरोना के कहर से बुरी तरह प्रभावित ईरान और इटली में फंसे हुए 450 से अधिक भारतीयों को रविवार को दो विमानों से वापस लाया गया और उन्हें पृथक इकाइयों में रखा गया। अधिकारियों ने बताया कि इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय बाकी पेज 8 पर

भारत-बांग्लादेश रेल सेवा स्थगित

कोलकाता, 15 मार्च (भाषा)।

कोरोना विषाणु के खतरे के मद्देनजर कोलकाता और बांग्लादेश के शहरों के बीच भारत-बांग्लादेश यात्री रेल सेवा को रविवार को स्थगित कर दिया गया। पूर्व रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देश के आधार पर यह कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि मैत्री और बंधन एक्सप्रेस 15 मार्च से 15 अप्रैल या अगले आदेश तक स्थगित रहेंगी। अधिकारियों बाकी पेज 8 पर

मध्य प्रदेश : आज तय होगी कमल की किस्मत

भोपाल, 15 मार्च (भाषा)।

मध्य प्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक छह मत्रियों सहित 22 विधायकों के कांग्रेस से बगावत के बाद जारी राजनीतिक अनिश्चितता के बीच राज्यपाल लालजी टंडन ने मुख्यमंत्री कमलनाथ को पत्र लिखकर विधानसभा सत्र के पहले दिन सोमवार को राज्यपाल के अभिभाषण के तत्काल बाद विश्वास प्रस्ताव पर मतदान कराने के निर्देश दिए हैं।

इस पत्र में राज्यपाल लालजी टंडन ने मुख्यमंत्री कमलनाथ को सोमवार को राज्यपाल के अभिभाषण के तत्काल बाद विश्वास प्रस्ताव पर मतदान कराने के निर्देश दिए हैं। पत्र में टंडन ने निर्देश दिए, 'मध्य प्रदेश विधानसभा का सत्र 16 मार्च 2020 को सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा और राज्यपाल के अभिभाषण के तत्काल बाद एकमात्र कार्य विश्वास प्रस्ताव पर मतदान होगा। उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही हर हाल में 16 मार्च 2020 को प्रारंभ होगी और यह स्थगित, विलंबित या निलंबित नहीं की जाएगी।' राजभवन के सूत्रों ने बताया कि शनिवार आधी रात के आसपास राज्यपाल द्वारा यह पत्र मुख्यमंत्री को भेजा गया।

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री कमलनाथ को रविवार को पत्र लिखकर सोमवार को सदन में सरकार के विश्वास मत पर विधायकों के हाथ उठाकर मत विभाजन कराने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री को शनिवार देर रात को लिखे पहले पत्र में राज्यपाल टंडन ने निर्देश दिया था कि विश्वासमत पर मत विभाजन बटन दबाकर ही होगा और अन्य किसी तरीके से नहीं किया जाएगा। इसके बाद रविवार को भाजपा नेताओं ने राज्यपाल लालजी टंडन से मुलाकात कर शक्ति परीक्षण पर मत विभाजन विधायकों का हाथ बाकी पेज 8 पर

कांग्रेस के विधायक रविवार सुबह भोपाल पहुंचे।

गुजरात के 24 विधायकों को जयपुर भेजा कांग्रेस ने

अमदाबाद, 15 मार्च (भाषा)।

गुजरात में राज्यसभा की चार सीटों पर 26 मार्च को होने वाले चुनाव से पहले राज्य में चार विधायकों के इस्तीफे के बाद कांग्रेस ने रविवार को अपने 24 विधायकों को जयपुर भेज दिया। पार्टी ने इससे पहले शनिवार को ही अपने 14 विधायकों को जयपुर भेज दिया था। इससे पहले कांग्रेस बाकी पेज 8 पर

राज्यसभा चुनाव से ऐन पहले चार विधायकों के इस्तीफे के बाद उठाया कदम

शनिवार देर रात राज्यपाल लालजी टंडन ने मुख्यमंत्री कमलनाथ को लिखी चिट्ठी में दिया निर्देश

कांग्रेस के विधायक भोपाल पहुंचे, पार्टी ने कहा आसानी से हासिल कर लेंगे विश्वास मत

भाजपा ने विधायकों को व्हिप जारी किया, कहा बहुमत खो चुकी है कांग्रेस सरकार

कांग्रेस ने दावा किया है कि विश्वास मत में उसकी जीत तय है और भाजपा के छह-सात विधायक भी उसे समर्थन देंगे।

राज्यपाल की चिट्ठी

मध्य प्रदेश विधानसभा का सत्र 16 मार्च 2020 को सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा और राज्यपाल के अभिभाषण के तत्काल बाद एकमात्र कार्य विश्वास प्रस्ताव पर मतदान होगा। उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही हर हाल में 16 मार्च 2020 को प्रारंभ होगी और यह स्थगित, विलंबित या निलंबित नहीं की जाएगी।

लश्कर व हिज्बुल के चार आतंकी ढेर

श्रीनगर, 15 मार्च (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में रविवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैय्यबा और हिजबुल मुजाहिदीन के चार आतंकवादी मारे गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने रविवार सुबह दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के वतारीगाम इलाके के डार मोहल्ला में तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद की गई जवाबी कार्रवाई में बाकी पेज 8 पर

मरने वालों में तीन लश्कर के और एक हिज्बुल आतंकी, चारों आतंकी कुलगाम के निवासी

अनंतनाग में मुठभेड़

अनंतनाग में मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबल।

युवकों का सहारा ले रहे आतंकी : अधिकारी

नई दिल्ली, 15 मार्च (भाषा)।

पिछले वर्ष हुए पुलवामा हमले की जांच करने वाली राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) ने खुलासा किया है कि जैश ए मोहम्मद जैसे आतंकवादी संगठन विस्फोटक बनाने में इस्तेमाल होने वाले रसायनों सहित अन्य सामग्री ऑनलाइन खरीदने के लिए कश्मीर में युवकों का सहारा ले रहे हैं। पुलवामा आतंकवादी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। हमले की जांच के बाद हाल ही में 19 वर्षीय वजीर सहित दो लोगों बाकी पेज 8 पर

रसायनों की ऑनलाइन खरीदारी

'गृह मंत्री ने दिया राजनीतिक बंदियों की रिहाई का भरोसा'

नई दिल्ली, 15 मार्च (भाषा)।

नवगठित जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी ने रविवार को यहां कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया है कि जम्मू कश्मीर में शेष राजनीतिक बंदियों को 'बहुत जल्द' ही रिहा किया जाएगा।

इस बीच, गृह मंत्रालय ने भी एक बयान जारी कर कहा कि पाबंदियों पर प्रतिनिधिमंडल की आशंकाएं दूर करते हुए शाह ने भरोसा दिया कि पाबंदियों में छूट के संबंध में सभी फैसले जमीनी वास्तविकताओं पर आधारित हैं, न कि किसी दबाव में लिए गए हैं। हिरासत से लोगों की रिहाई, इंटरनेट बहाल किए जाने, कर्फ्यू में छूट जैसे कदमों का जिक्र करते हुए गृह मंत्री ने कहा, 'यहां तक कि आने वाले समय में राजनीतिक कैदियों को भी रिहा कर दिया जाएगा क्योंकि सरकार का मुख्य उद्देश्य यह है बाकी पेज 8 पर

गृह मंत्रालय ने जारी किया बयान, *नवगठित* जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी के अध्यक्ष ने शाह से मुलाकात के बाद कही यही बात

बंदियों की रिहाई के लिए सभी दल साथ आएं : फारूक

श्रीनगर, 15 मार्च (भाषा)।

नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने रविवार को पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य के सभी दलों से केंद्रशासित प्रदेश के बाहर जेलों में रखे गए सभी लोगों को मानवीय आधार पर वापस लाने के लिए केंद्र सरकार से एकजुट होकर अपील करने को कहा।

शुक्रवार को रिहा होने के बाद अपने पहले बयान में वर्तमान लोकसभा सांसद अब्दुल्ला ने कहा कि रिहाई के बाद से ही वह राजनीतिक बयान देने से बचते रहे हैं।

अब्दुल्ला को शुरू में ऐहतियात के तौर पर हिरासत में लिया गया बाकी पेज 8 पर

दरअसल

781 एमसीएम पानी का होगा भंडारण | **विकास में तेजी** | कठुआ जिले में कार्यान्वित होगी योजना

उज्ह नदी का पानी पाकिस्तान जाने से रोकने की कवायद

नई दिल्ली, 15 मार्च (भाषा)।

सरकार ने जम्मू-कश्मीर में रावी की सहायक 'उज्ह नदी' का पानी पाकिस्तान जाने से रोकने के लिए तैयार बहुउद्देशीय योजना का तेजी से कार्यान्वयन करने का निर्णय लिया है। जल शक्ति मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया, 'जम्मू कश्मीर में रावी की सहायक उज्ह नदी का पानी पाकिस्तान जाने से रोकने के लिए बनाई गई बहुउद्देशीय योजना के तेजी से कार्यान्वयन के इरादे से आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में इस पर व्यापक चर्चा हुई।' उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हाल ही में संपन्न इस बैठक में जल शक्ति राज्य मंत्री रतन लाल कटारिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया था।

अधिकारी ने बताया, 'योजना कठुआ जिले में कार्यान्वित होगी और इसके तहत 781 एमसीएम पानी का भंडारण किया जाएगा। इस योजना के माध्यम से, सिंधु जल समझौते के अनुसार भारत के हिस्से के पानी का बेहतर इस्तेमाल किया जाएगा।' उन्होंने बताया कि परियोजना के डीपीआर को जुलाई 2017 में तकनीकी मंजूरी दी जा चुकी है और इस पर काम तेजी से आगे बढ़ाने के लिए तकनीकी रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

मंत्रालय के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि 5850 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना से उज्ह नदी पर 781 एमसीएम जल का भंडारण किया जा सकेगा जिसका इस्तेमाल सिंचाई और बिजली बनाने में होगा। इस पानी से जम्मू-कश्मीर के कठुआ, हीरानगर और सांबा जिलों में 31,380 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई और पेयजल की आपूर्ति हो सकेगी।

यह एक राष्ट्रीय परियोजना है जिसे केंद्र की ओर से 4892.47 करोड़ रुपए की बाकी पेज 8 पर

भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में हुई सिंधु नदी जल संधि के तहत इस नदी को सहायक नदियों को पूर्वी और पश्चिमी नदियों में वर्गीकृत किया गया। इस वर्गीकरण के तहत सतलुज, व्यास और रावी पूर्वी नदियां और झेलम, चेनाब व सिंधु पश्चिमी नदियां हैं। समझौते के मुताबिक, कुछ अपवाद छोड़ कर भारत पूर्वी नदियों का पानी बिना रोकटोक के इस्तेमाल कर सकता है।

781 एमसीएम जल का भंडारण किया जा सकेगा 5850 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना से उज्ह नदी पर

www.readwhere.com

जनसत्ता क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

I, Reminder W/o Shri Gurdial Singh Sethi R/o B-27 Ranjit Avenue Amritsar-1 Amritsar Punjab-143001, have changed my name to Reminder Sethi. 0040535631-2

I, Kumari Neelima Singh Chauhan W/o Sidhendra Pundhir R/o-24-B, Pocket-C, SFS Flats,New Kondli,Mayur Vihar,Phase-III,Delhi-110096,have changed my name to Neelima Pundhir for all future Purposes. 0040535639-2

I Alia Khalid W/O, Khalid Ahmed R/o 70,phears Lane Kolkata 700073 have changed my name to Aliya Khlaid for all purposes. 0040535633-1

I Geeta Rani W/O Sh.Sanjeev Soni R/O-3a, Wh/87-Nit, Faridabad-Haryana.Have Changed My Name,From Geeta Rani To Geeta Soni. 0040535631-1

I Prateek Aggrawal S/O Shree Niwas Aggrawal R/O of A102, Mayurdhawaj Apartments, IP Extn, Patparganj Delhi 110092 have changed my name to Prateek Aggarwal. 50163826-1

सभी राजनीतिक बंदियों को रिहा किया जाए : राणा

श्रीनगर, 15 मार्च (भाषा)।

जम्मू से नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने इसके प्रांतीय अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में रविवार को पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला से मुलाकात की जिन्हें सात महीने तक हिरासत में रखे जाने के बाद रिहा किया गया है।

नेकां के एक नेता ने बताया कि जम्मू से नेशनल कांफ्रेंस के नेताओं ने अब्दुल्ला से यहां उनके आवास पर मुलाकात की और बैठक करीब आधे घंटे तक चली।

COURT NOTICE
(U/o Rule 20 CPC)
In the court of Sh. Ravi Gulati, PCS, Civil Judge senior division, Shri Muktsar Sahib
CNR NO. PBSM02-000210-2019
NEXT DATE: 15-04-2020
Punjab National Bank
V/s
Manjit Singh Through Lrs.
Mortgaged suit for the recovery of Rs 914644/- in KCC and term loan account, all the charges calculated up to 11-03-2019
Publication Issued To: Manjit Singh Now Deceased Son Of Joginder Singh Son Of Virsa Singh Through His Lrs No. (3) Karandeep Singh Son Of Manjit Singh And (4) Amandeep Kaur Daughter Of Manjit Singh, All Resident Of Village Chak Atiari Sadar Wala,(dhani Wale Rah Te) tehsil And Destrict Sri Muktar Sahib.
In above titled case, the Defendant(s) /respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 15-04-2020 at 10.00 a.m. For details logon to: https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Muktsar
Civil Judge Senior Division

तेल की कीमत घटाने के बजाए उत्पाद शुल्क बढ़ा दिया सरकार ने : राहुल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 मार्च।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क वृद्धि को लेकर कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री से कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट का लाभ उपभोक्ताओं को देने को कहा, लेकिन उन्होंने इसके बजाय ईंधन पर उत्पाद शुल्क बढ़ा दिया।

सरकार ने शनिवार को ही पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में तीन रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की घोषणा की है। इसके एक दिन बाद कांग्रेस नेता ने मोदी पर तंज कसते हुए यह बात कही। गांधी ने ट्वीट कर कहा–तीन दिन पहले ही मैंने पीएमओ से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट का लाभ भारतीय उपभोक्ताओं को देने का आग्रह किया। मैंने प्रधानमंत्री से पेट्रोल और डीजल के दाम घटाने को कहा था। मेरी इस सलाह पर ध्यान देने के बजाय हमारे समझदार ने ईंधन पर उत्पाद शुल्क बढ़ा दिया। गांधी ने अपने ट्वीट के साथ एक वीडियो भी डाला है जिसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस सवाल का जवाब देने से बचती दिख रही हैं कि सरकार ने कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का लाभ लोगों को क्यों नहीं दिया।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने बुधवार को आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री एक चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने में व्यस्त हैं। ऐसे में इस सप्ताह कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट की ओर उनका ध्यान नहीं गया है। पीएमओइंडिया, जब आप एक चुनी हुई कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रहे थे उस समय आप वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई 35 प्रतिशत की गिरावट को नहीं देख पाए। उस समय अपने ट्वीट में गांधी ने प्रधानमंत्री से कहा था कि वे पेट्रोल के दाम घटाकर 60 रुपए प्रति लीटर से कम पर लाएं। इससे सुस्त अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने में मदद मिलेगी। इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा कि असल में सरकार पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाकर 40 हजार करोड़ रुपये अतिरिक्त कमाना चाहती है जबकि उसने पहले ही 3, 40000 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। उन्होंने यह भी एलान किया कि कांग्रेस सरकार के इस फैसले का संसद के बाहर और भीतर हर जगह पुरजोर विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार पर लोकतांत्रिक तरीके से दबाव बनाने के हर तरीके अपनाए जाएंगे ताकि जनता को राहत मिल सके।

आयकर विभाग तलब कर सकता है कारोबारियों, सरकारी अधिकारियों को

छत्तीसगढ़ में छापे

रायपुर/नई दिल्ली, 15 मार्च (भाषा)।

आयकर विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ में कुछ सरकारी अधिकारियों और व्यवसायियों को जल्द तलब किए जाने की उम्मीद है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि उनके परिसरों पर छापा मारा गया था और दावा किया गया था कि हर महीने लोक सेवकों को बेहिसाब नकदी का भुगतान किया जा रहा था। व्यवसायी बलदेव सिंह भाटिया उर्फ पप्पू भाटिया ने हालांकि स्पष्ट किया कि यह 'यह तथ्यात्मक रूप से गलत है कि उनके प्रतिष्ठानों या उनके रिश्तेदारों या उनके द्वारा संचालित किसी भी व्यवसाय के प्रतिष्ठानों पर कोई आयकर छापा मारा गया था।'

रायपुर में पुलिस अधिकारियों ने इससे पूर्व बताया था कि 27 फरवरी को की गई कार्रवाई के तहत पप्पू भाटिया से जुड़े परिसर शामिल थे।

हालांकि यह अमोलख भाटिया का निकला। अधिकारियों ने बताया कि आयकर विभाग मामले में जांच को आगे बढ़ाने के लिए कुछ लोगों को जल्द ही तलब करेगा। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने तलाशी अभियान के बाद एक बयान में कहा था कि राज्य की राजधानी रायपुर में व्यक्तियों के एक समूह, हवाला डीलरों और व्यवसायियों के खिलाफ छापे की कार्रवाई के दौरान 150 करोड़ रुपए से अधिक के 'बेहिसाब लेनदेन' का खुलासा हुआ था।

आडिटरों को सरकार की चेतावनी

कंपनियों को देश के नियमन दायरे में रहकर ही काम करना होगा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 मार्च।

कॉरपोरेट मामलों के सचिव इंजेती श्रीनिवास ने आडिट उद्योग के मामले में कहा कि हितों के टकराव की आशंका को दूर करने की जरूरत है और जो भी देश में लेखा परीक्षा का काम कर रहे हैं, उन्हें देश के नियमन दायरे में रहकर ही काम करना होगा। ऐसी व्यवस्था होगी जहां नेटवर्क कंपनियों को भी आइसीएआइ (भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान) के पास पंजीकरण कराना होगा। विदेशी कंपनियों के देश के कानूनी प्रावधानों से बचने का रास्ता निकाल लेने को लेकर जारी चिंता के बीच उन्होंने यह बात कही।

श्रीनिवास ने कहा- आज आइसीएआइ व्यक्तिगत सदस्यों का पंजीकरण कर रहा है लेकिन वह फर्मों का पंजीकरण नहीं कर रहा। इसीलिए कुछ कमी है और उसे दूर किए जाने की जरूरत है। आइसीएआइ चार्टर्ड एकाउंटेंट का शीर्ष निकाय है।

विदेशी इकाइयां देश में नेटवर्क फर्म मॉडल के जरिए काम करती हैं। कारपोरेट कार्य मंत्रालय आडिट उद्योग के लिए नियामकीय रूपरेखा मजबूत करने की दिशा में प्रयास कर रहा है। कंपनियों में गड़बड़ी को लेकर हाल में कई आडिट कंपनियां और आडिटर नियामकीय जांच के घेरे में आए हैं। इसको देखते हुए मंत्रालय का कदम महत्वपूर्ण है। सचिव ने कहा- पूरा विवाद चार या छह बड़ी विदेशी आडिट कंपनियों को लेकर है। उन पर यह आरोप है कि वे हमारे कानूनी प्रावधानों से बचने का रास्ता निकाल लेते हैं और यहां आडिट सेवाएं देते हैं।

COURT NOTICE
In the court of Ms. Rajbinder Kaur Judicial magistrate1st class, Bathinda
CNR NO:PBBT03-010200-2016
NEXT DATE: 12-05-2020
M/s New Age Manufacturing Co. Pvt Ltd
V/s
M/s Manju Shree Products
2nd Address: Sh. Subhash Lalwani Sole Prop Of M/s Manju Shree Products, Jain Chowk, Near Majisa Temple, Nokha, Dist. Bikaner, Rajasthan,334803
In above titled case, the accused could not be served. It is ordered that accused should appear in person or through counsel on 12-05-2020 at 10.00 a.m. For details logon to: https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Bathinda
JMIC BATHINDA

येस बैंक ने कहा, 2020-21 में कायम रहेगी डूबे कर्ज की समस्या

मुंबई, 15 मार्च (भाषा)।

संकट में फंसे निजी क्षेत्र के येस बैंक का मानना है कि अगले वित्त वर्ष 2020-21 में भी उसकी गैर निष्पादित आस्तियों (एनपीए) की समस्या कायम रहेगी। हालांकि, बैंक के नामित मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) प्रशांत कुमार को भरोसा है कि 10,000 करोड़ रुपए के पूंजी निवेश के बाद बैंक फिर से खड़ा हो सकेगा।

डूबे कर्ज के दबाव की वजह से येस बैंक को चालू वित्त वर्ष की दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही में 18,654 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। यह निजी क्षेत्र के किसी बैंक का अब तक का सबसे ऊंचा घाटा है। बैंक से पिछले छह माह के दौरान 72,000 करोड़ रुपए की निकासी हुई और यह आंकड़ा 1.37 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कुमार का मानना है कि 10,000 करोड़ रुपए के पूंजी निवेश और 1,000 से अधिक शाखाओं और मजबूत उपभोक्ता आधार के चलते येस बैंक 'चलती हालत' में बना रहेगा। बैंक ने कुमार के आकलन का उल्लेख करते हुए कहा, 'प्रस्तावित पूंजी निवेश और बैंक के ग्राहकों की अच्छी संख्या और शाखाओं के नेटवर्क के जरिए बैंक का कारोबार बना रहेगा। सामान्य कामकाज में बैंक न केवल अपनी संपत्तियां वसूल सकेगा बल्कि देनदारियों का भुगतान भी कर सकेगा।' कुमार को रिजर्व बैंक ने यस बैंक का प्रशासक नियुक्त किया है। वह बैंक पर लगाई गई रोक समाप्त होने के बाद बुधवार शाम से सीईओ का पद संभालेंगे। निवेशकों के समक्ष प्रस्तुतीकरण में बैंक ने कहा कि उसके द्वारा कॉरपोरेट जगत को दिया गया एक-तिहाई कर्ज डूबे कर्ज की श्रेणी में आ गया है। इस वजह से कुमार की अगुआई वाला नया प्रबंधन आगे चलकर खुदरा और छोटे कारोबारी ऋण पर ध्यान केंद्रित करेगा।

दिवाला तथा दिवालिया संहिता, 2016 के अंतर्गत परिसम्पत्तियों की बिक्री
ई-नीलामी बिक्री सूचना
श्री ओम बायर्स प्राईवेट लिमिटेड (परिसमापन में)
परिसमापकः श्री ब्रिजेन्दर सिंह देसवाल (आईपी पंजी. सं.: IBBI/IPA-003/IP-N00002/2016-2017/10021)
ईमेलः liquidation.shreeomwires@gmail.com; brijender@deswal.com फोन नं.: 9811414181
नीलामी की तिथि एवं समयः मंगलवार, 7 अप्रैल, 2020 को 11 बजे पूर्वा. से 1.00 बजे अप.

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण, नई दिल्ली पीठ-II ने आदेश तिथि 11 जुलाई, 2019 (परिसमापक द्वारा आदेश 20 जुलाई, 2019 जो परिसमापन के आरंभ होने की तिथि प्रतीत होता है, को वेबसाईट पर जब और जैसे ही अपलोड की गई प्राप्त की गई) के माध्यम से मै. श्री ओम बायर्स प्राईवेट लिमिटेड का परिसमापन शुरू करने का आदेश दिया है, संहिताकी धारा 33 के अंतर्गत। यह सूचना आदेश तिथि 11 जुलाई, 2019 के माध्यम से माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा नियुक्त परिसमापन द्वारा परिसमापन सम्पदा के भाग का निर्माण करने वाली मै. श्री ओम बायर्स प्राईवेट लिमिटेड (परिसमापन में) (CINU28939DL2011PTC214742) के स्वामित्व की परिसम्पत्तियों की बिक्री के संदर्भ में है।

एतद्द्वारा निम्न विवरणों के अनुसार "जैसा है जहां है", "जो भी जैसा है" तथा "जो कुछ भी वहां है आधार" पर परिसमापक के कब्जे में निम्न परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिए 4 अप्रैल, 2020 के 5.00 बजे अप. तक इच्छुक व्यक्तियों/ भागीदारों से ऑन लाइन प्रस्ताव आमंत्रित है जो ई-नीलामी प्लेटफार्म https://ncltauction.auctiontiger.net के माध्यम से ऑन लाइन जमा की जाएगी।

अनुसूची

लॉट नं.	अचल सम्पत्तियों का विवरण	आरक्षित मूल्य	धरोहर राशि (ईएमडी)	बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी तिथि एवं समय (प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ	ईएमडी जा करने की अंतिम तिथि
1.	सम्पत्ति सं. एच-1/702, रिको इंडस्ट्रियल एरिया, कुरुक्षेत्र, भिवाडी, जिला अलवर (राजस्थान) माप 929 वर्ग मी.	रु. 15453000	रु. 15.5 लाख	रु. 2 लाख	7 अप्रैल, 2020 को 11.00 बजे पूर्वा. से 1.00 बजे अप.	4 अप्रैल, 2020 के 5.00 बजे अप. तक

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें इस प्रकार हैंः
1. ई-नीलामी स्वीकृत सेवा प्रदाता मै. ई-प्रॉक्योर्मेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (Auction Tiger) के द्वारा "जैसा है जहां है" तथा "जो भी वहां है" आधार पर आयोजित होगी।
2. परिम्पत्तियों के विवरणों, ऑन-लाइन ई-नीलामी बोली प्रपत्र, उद्घोषणा, प्रतिज्ञापत्र, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियमों एवं शर्तों से शामिल सम्पूर्ण ई-नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज वेबसाईटः https://ncltauction.auctiontiger.net. पर उपलब्ध है। सम्पर्क करेंः श्री राम प्रसाद शर्मा, 079-61200559, 61200531, 61200544,61200594 61200554/ ईमेल आईडीः ramprasad@auctiontiger.net / pushpit@auctiontiger.net / tilak@auctiontiger.net /support@auctiontiger.net (लिंक https://.auctiontiger.net पर जाकर बोलीदाता को अधोलिखित में से किसी एक i) कम्पनी का नाम (श्री ओम बायर्स प्राईवेट लिमिटेड), अथवा ii) (राज्य एवं सम्पत्ति का प्रकार का उपयोग कर वर्णित कम्पनी को सर्च करना होगा। यह बिक्री नीलामी एजेन्सी की वेबसाईट पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज में शामिल नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी।
3. अपनी बोली जमा करने से पूर्व इच्छुक बोलीदाताओं को अपने स्वयं के खर्चे पर सम्पत्ति के टाइटल, यदि कोई हो, स्थानीय करों के बकायों, बिजली एवं पानी के शुल्कों, रखरखाव शुल्कों, आदि परिसम्पत्तियों से संबंधित अपना स्वतंत्र जाँच कर स्वयं को संतुष्ट कर लेना चाहिये। संभावित बोलीदाता श्री ब्रिजेन्दर सिंह देसवाल +91-9811414181 से सम्पर्क कर पूर्व अनुमति के साथ साईट पर उपरोक्त सम्पत्तियों का निरीक्षण कर सकते हैं।
4. इच्छुक बोलीदाताओं को "श्री ओम बायर्स प्राईवेट लिमिटेड- परिसमापन में", खाता नं. 13590500128, आईसीआईसीआई बैंक, अरुणाचल बिल्डिंग, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली-110001, आईएफएससी कोडः ICICI0001359 के पक्ष में देय किसी अनुसूचित बैंक के डीडी/ एनईएफटी/ आरटीजीएस द्वारा धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करना होगा।
5. इच्छुक बोलीदाता को 1) पहचान के प्रमाण, 2) वर्तमान पता- प्रमाण, 3) पैन कार्ड, 4) वैध ई-मेल आईडी, 5) लैंडलाइन एवं मोबाईल फोन नम्बर, 6) आईबीसी (7) की धारा 29ए के अंतर्गत योग्यता से संबंधित शपथ-पत्र अथवा वचन, 7) बोली आवेदन प्रपत्र तथा पंजीकरण प्रपत्र। 8) बोलीदाता द्वारा उद्घोषणा, इन परिशिष्टों का सम्पूर्ण प्रारूप ई-नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज से लिया जा सकता है, की स्वतः सत्यापित प्रति के साथ ई-नीलामी में भागीदारी के लिये ईएमडी के साक्ष्य अथवा बैंक गारन्टी तथा भागीदारी के लिये अनुरोध पत्र जमा करना होगा। ये सभी दस्तावेज 4 अप्रैल, 2020 के 5.00 बजे सायं से पूर्व नीचे दिये गये पते पर डाक या ई-मेल द्वारा परिसमापक के कार्यालय में पहुंच जाना चाहिये। इच्छुक बोलीदाता को 4 अप्रैल, 2020 को 5.00 बजे अप. से पूर्व https://ncltauction.auctiontiger.net पर ईएमडी जमा करने के विवरणों के साथ अपना केवाईसी दस्तावेज अपलोड करना होगा।
6. पोर्टल (https://ncltauction.auctiontiger.net पर ई-नीलामी में भाग लेने के लिये योग्य बोलीदाता के नाम की पहचान परिसमापक द्वारा की जायेगी। ई-नीलामी सेवा प्रदाता (Auction tiger) योग्य बोलीदाताओं को ई-मेल द्वारा यूजर आईडी तथा पास्वर्ड उपलब्ध कराएंगे।
7. यदि बोली ई-नीलामी की समापन समय के अंतिम 5 मिनट में प्रस्तुत की जाती है तो समापन समय असीमित विस्तारों के साथ स्वतः आगे पांच मिनट बढ़ जायेगा। ई-नीलामी प्रक्रिया की समाप्ति पर उच्चतम बोली राशि (आरक्षित मूल्य से कम नहीं) प्रस्तुत करने वाले बोलीदाता को सफल बोलीदाता घोषित किया जायेगा तथा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से उन्हें इस आशय की सूचना दी जायेगी जो परिसमापक द्वारा स्वीकृति के अधीन होगा।
8. सफल बोलीदाता की ईएमडी बिक्री मूल्य के भाग के रूप में सुरक्षित रखी जाएगी तथा असफल बोलीदाता की ईएमडी वापस लौटा दी जाएगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दी जाएगी। परिसमापक सफल बोलीदाता के लिए आशय पत्र (एलओआई) जारी करेंगे तथा सफल बोलीदाता को परिसमापक द्वारा एलओआई जारी करने के 15 दिनों के भीतर शेष राशि (सफल बोली राशि-ईएमडी) का भुगतान करना होगा। एलओआई में वर्णित समय-सीमा में सफल बोलीदाता द्वारा शेष राशि के भुगतान में चूक करने पर सफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई संपूर्ण राशि (ईएमडी+अन्य कोई राशि) जब्त कर ली जाएगी। चूंकि क्रय मूल्य 50.00 लाख से अधिक है, नीलामी के सफल क्रेता को आय कर नियमों के अनुसार नीलामी क्रय मूल्य के 1% की दर से टीडीएस का भुगतान करना होगा।
9. सफल बोलीदाता को लागू होने वाले स्टाम्प शुल्कों/ अंतरण चार्ज, शुल्क आदि तथा अन्य सभी स्थानीय करों, शुल्कों, रैट्स, गणना चार्जेज, नीलामी की संपत्ति से संबंधित शुल्कों आदि का वहन करना होगा।
10. यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट परिसम्पत्तियों का विवरण अधोहस्ताक्षरी की जानकारी एवं ज्ञान में सत्य हैं किन्तु उक्त विवरणों में किसी प्रकार की त्रुटि एवं खामियों के लिए [illegible]

तिथि: 16 मार्च, 2020
स्थान: दिल्ली

हस्ता./-
श्रीओम बायर्स प्राईवेट लिमिटेड (परिसमापन में)
ब्रिजेन्दर सिंह देसवाल
श्रीओम बायर्स प्राईवेट लिमिटेड (परिसमापन में) के परिसमापक
आईपी पंजी. सं. IBBI/IPA-003/IP-N00002/2016-2017/10021
सी-122, न्यू राजेन्दर नगर, नई दिल्ली-110060 फोन: 9811414181,
ईमेल: liquidation.shreeomwires@gmail.com, brijender@deswal.com

वाणिज्यिक भवनों में बिजली बचत के नियम अनिवार्य कर चुके हैं 15 राज्य : बीईई महानिदेशक

नई दिल्ली, 15 मार्च (भाषा)।

वाणिज्यिक इमारतों को कम बिजली खपत वाला और ऊर्जा दक्ष बनाने की योजना ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ईसीबीसी) को अब तक उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत 15 राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश अनिवार्य कर चुके हैं तथा दस राज्य इसे अधिसूचित करने की तैयारी हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी।

बिजली मंत्रालय के अधीन आने वाला ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) राज्यों के माध्यम से इस योजना का क्रियान्वयन कर रह रहा है। इसके तहत इमारतों के डिजाइन और निर्माण इस रूप में किया जाता है जिससे बिजली की खपत कम-से-कम हो। बीईई के महानिदेशक अभय बाकरे ने कहा कि लगभग सभी राज्य ईसीबीसी लागू करने के पक्ष में हैं। इसका कारण इससे होना वाला लाभ है। अब तक 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने ईसीबीसी योजना को अनिवार्य बनाया है जबकि बिहार, मध्य प्रदेश जैसे 10 राज्य इस संदर्भ में अधिसूचना जारी करने के अंतिम चरण में हैं। जिन राज्यों ने ईसीबीसी को अनिवार्य बनाया है, वे उत्तर प्रदेश, असम, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, केरल, पंजाब, हरियाणा, कर्नाटक, ओडीशा, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार द्वीप समूह और पुडुचेरी हैं। वहीं, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, सिक्किम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, तमिलनाडु, त्रिपुरा और गोवा इस योजना को अनिवार्य बनाने के लिए अधिसूचना जारी करने के अंतिम चरण में हैं।

एनसीएलटी अब चेन्नई में भी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 मार्च।

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) की एक पीठ का गठन चेन्नई में किया जा रहा है।

यह पीठ दक्षिणी राज्यों के मामलों को देखेगी। सरकार ने अपीलीय न्यायाधिकरण की चेन्नई पीठ के गठन को अधिसूचित कर दिया है। यह 18 मार्च से काम करने लगेगी। अधिसूचना में कहा गया है कि एनसीएलएटी की चेन्नई पीठ कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, लक्षद्वीप और पुडुचेरी के राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के आदेशों के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

खबर कोना

कर्नाटक में सातवीं से नवीं तक की कक्षाओं की परीक्षाएं स्थगित

बेंगलुरु, 15 मार्च (भाषा)।

कर्नाटक सरकार ने कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए एहतियाती तौर पर सातवीं से नौवीं कक्षा तक की वार्षिक परीक्षाएं 31 मार्च तक स्थगित करने का एलान किया है। राज्य में कोरोना वायरस से एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है जबकि पांच लोग संक्रमित हैं।

शिक्षा विभाग के एक परिपत्र के अनुसार परीक्षाओं की संशोधित तारीखें बाद में घोषित की जाएंगी, तब तक स्कूल बंद रहेंगे। जन निर्देश निदेशक ने शनिवार को एक परिपत्र में कहा था, कोरोना वायरस के प्रसार के मद्देनजर एहतियाती तौर पर सातवीं, आठवीं और नौवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं 31 मार्च तक स्थगित की जाती हैं। परिपत्र में कहा गया है कि यह आदेश निजी और गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों समेत सभी स्कूलों पर लागू होता है।

तमिलनाडु में 31 मार्च तक केजी, प्राइमरी स्कूल बंद

चेन्नई, 15 मार्च (भाषा)।

तमिलनाडु सरकार ने कोरोना वायरस के खिलाफ एहतियाती कदम उठाते हुए सभी किंडरगार्डन (बालवाड़ी) और प्राइमरी स्कूलों को 31 मार्च तक बंद करने का रविवार को निर्देश दिया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी ने पड़ोसी केरल और कर्नाटक राज्यों की सीमाओं से लगते 16 जिलों में तालुकों में इस महीने के अंत तक सिनेमाघरों और मॉल को बंद रखने का भी आदेश दिया है जहां बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं। उन्होंने कोरोना वायरस से निपटने के लिए राज्य आपदा राहत कोष से 60 करोड़ रुपए जारी करने का भी आदेश दिया है। अभी तक राज्य में संक्रमण का एक मामला सामने आया है। कांचीपुरम जिले के 45 वर्षीय इंजीनियर को आने वाले दिनों में छुट्टी मिलने वाली है क्योंकि उसकी तबीयत सही हो गयी है। उसमें कोविड-19 का संक्रमण नहीं पाया गया। एक विस्तृत बयान में पलानीस्वामी ने कहा कि चेन्नई, मदुरै, कोयबंटूर और तिरूचिरापल्ली हवाई अड्डों पर पहुंच रहे यात्रियों में यदि इस विषाणु के लक्षण नजर आते हैं तो उन्हें पृथक रखा जाए। उन्होंने कहा, 'यदि जरूरी हुआ तो यात्रियों को विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देशों के अनुसार इन हवाई अड्डों में पृथक सुविधा केंद्रों में 14 दिनों के लिए भेजा जाए।' उन्होंने राजस्व, पुलिस और परिवहन विभागों को पड़ोसी राज्यों से सटे जिलों में एहतियात के तौर पर युद्ध स्तर पर संयुक्त रूप से चेक पोस्ट स्थापित करने की सलाह दी है। इसके अलावा भी उन्होंने कई निर्देश दिए हैं।

असम ने स्कूल बंद किए, 29 मार्च तक परीक्षाएं रद्द

गुवाहाटी, 15 मार्च (भाषा)।

असम सरकार ने कोरोना वायरस के खतरे के मद्देनजर शैक्षणिक संस्थानों, जिमखानों, स्विमिंग पूल और सिनेमाघरों को तत्काल प्रभाव से 29 मार्च तक बंद करने का रविवार को आदेश दिया। असम के मुख्य सचिव कुमार संजय कृष्ण ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'राज्य में अभी तक संक्रमण का कोई मामला सामने नहीं आने के बावजूद हम सभी एहतियाती कदम उठा रहे हैं।' उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं को छोड़कर 29 मार्च तक होने वाली सभी परीक्षाओं को रद्द कर दिया गया है। उन्होंने कहा, 'सरकारी सभागारों में होने वाले सभी कार्यक्रमों को भी रद्द कर दिया गया है। हम उम्मीद करते हैं कि निजी सभागार भी ऐसा ही करेंगे।' मुख्य सचिव ने कहा कि सभी उपायुक्तों को अपने-अपने जिलों में लोगों को एकत्रित न होने के लिए कहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार महामारी से उत्पन्न किसी भी संकट से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

फिल्मों की शूटिंग पर 19 मार्च से रोक

मुंबई, 15 मार्च (भाषा)।

कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे के मद्देनजर विभिन्न फिल्म संगठनों ने 19 मार्च से 31 मार्च तक फिल्म, टीवी शो और वेब सीरिज की शूटिंग रोकने का रविवार को फैसला किया। हालात पर चर्चा एवं फैसला लेने के लिए हुई बैठक में इंडियन मोशन पिक्चर्स प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (आइएमपीपीए), वेस्टर्न इंडिया फिल्म प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन और इंडियन फिल्म एंड टीवी प्रोड्यूसर्स काउंसिल (आइएफटीपीसी) के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

प्रपत्र सं. आईएनसी-26
[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
केन्द्रीय सरकार के समक्ष
क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, दिल्ली

प्रपत्र सं. आईएनसी-26
[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
केन्द्रीय सरकार के समक्ष
क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, दिल्ली

सिग्नेट इंफोटेक प्राईवेट लिमिटेड
207, दूसरा तल, चाणक्या कॉम्प्लैक्स, बी-10, सुभाष चौक, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092, भारत
हिते एवं कृते आवेदक,
सिग्नेट इंफोटैक प्राईवेट लिमिटेड
ह./- दीपा मोहन्ती
(निदेशक)
स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 16 मार्च, 2020
DIN: 08060667

सार्वजनिक सूचना
क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नोएडा के समक्ष
कंपनी अधिनियम 2013 (2013 के 18)
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के मामले में
तथा
पर्टेक्स एयरोमैरिन लॉजिस्टिक्स प्राईवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय प्लॉट नं. 33, एम/एस के नं. 14/1, सेक-23, द्वारका, ईडीएफसी कॉम्प्लैक्स के निकट, नई दिल्ली-110077 में है, के मामले में
आवेदक
कम्पनी के मेमोरैण्डम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन के प्रस्ताव के संदर्भ में कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के प्रावधानों के अंतर्गत
एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "हरियाणा प्रदेश राज्य" में उसके पंजीकृत कार्यालय को परिवर्तित करने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए सोमवार, 10 फरवरी, 2020 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन के क्लॉज II के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत यह आवेदक कंपनी क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग,2रा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।
कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे उसके नीचे वर्णित पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से इक्कीस दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग, 2रा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजेंः
पर्टेक्स एयरोमैरिन लॉजिस्टिक्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए
हस्ता./- विशाल
(DIN: 06862887)
निदेशक
सी-409, ड्रीम्स अपार्ट. प्लॉट 14, सेक. 22 द्वारका, नई दिल्ली-110075
स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 16.03.2020

फार्म नं. आईएनसी-26
[कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
केन्द्रीय सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली
अयान टैक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
(CIN: U17200DL2013PTC257910)
जिसका पंजीकृत कार्यालय - ई-120, ग्रेटर कैलाश पार्ट- II, नई दिल्ली -110048
...आवेदक कंपनी / याचिकाकर्ता
कृते अयान टैक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
धन राज
(निदेशक)
डीआईएन: 01327082
दिनांक: 16 मार्च 2020
स्थान: पंचकूला

www.readwhere.com

कोरोना के लिए एम्स ने जारी की 24 घंटे चलने वाली हेल्पलाइन

न हों परेशान, डॉक्टर करेंगे समाधान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 मार्च।

कोरोना वायरस के बढ़ते प्रसार को देखते हुए मदद को डॉक्टर आगे आए हैं। इसके मद्देनजर एम्स दिल्ली ने कोरोना को लेकर चौबीसों घंटे चलने वाला हेल्पलाइन नंबर शुरू किया है। अब कोरोना से संक्रमित या संदिग्ध लोग या अन्य जरूरतमंद व्यक्ति फोन नंबर 9971876591 पर इससे जुड़ी जानकारी व मदद ले सकते हैं।

कोरोना से संक्रमित व्यक्ति या फिर संदिग्ध लोग किसी भी समय फोन करके ले सकते हैं जानकारी

इसी तरह इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) ने दो हेल्पलाइन नंबर चालू किया है। इन पर भी 24 घंटे डॉक्टरों से कोरोना से संबंधित जानकारी व मदद ले सकते हैं। चिकित्सक एम्स की ओर से शुरू की गई हेल्पलाइन पर जानकारी देंगे। चिकित्सकों का कहना है कि इस बीमारी में सबसे जरूरी है कि जिसे भी यह संक्रमण होने की आशंका हो वे डरने की बजाय खुद को दूसरों से एक सुरक्षित दूरी पर रखें। घबरा कर भीड़ भरी ओपीडी में जाने की बजाय ऑनलाइन जानकारी लेकर चिकित्सक के परामर्श के हिसाब से निर्धारित केंद्र पर पहुंचे। जहां निश्चित तौर पर बीमारी के उबरने के इंतजाम मिलेंगे। आइएमए के महासचिव डॉ आरवी असोकन ने कहा है कि कोरोना वायरस को लेकर घबराने की जररूत नहीं है बल्कि इसे लेकर एहतियात बरतने की दरकार है।

डॉ असोकन ने कहा कि आइएमए लोगों की मदद के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हमारे दो हेल्पलाइन नंबर 9999672238, 9999672239 हैं। आइएमए अध्यक्ष डॉ राजन शर्मा ने बताया कि इन दो नंबरों पर सोमवार सुबह दस बजे से जानकारी दी जाएगी। यह दोनों लाइनें सुबह से शुरू हो जाएंगी और 24 घंटे काम करेंगी। लोग मदद ले सकते हैं।

हेल्पलाइन

एम्स
971876591
आइएमए
9999672238
9999672239

हाथ धोने का भी तरीका सीखें

एम्स की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ उमा कुमार कहा कहना है कि लोग हाथ धोने या सैनिटाइजर के उपयोग की बात करने लगे हैं यह तो अच्छी बात है लेकिन हाथ कैसे धोना है कितनी देर धोना है या कैसा सैनिटाइजर लगाना है यह जानना भी अहम है। साबुन और पानी से हाथ धोना बेहतर है। केवल पानी से धोना संक्रमण की संभावना को कम करता है लेकिन उन्हें पूरी तरह से नहीं हटाता है। साबुन इतना सक्षम है कि इससे हाथ धोने पर किटाणु पूरी तरह हट जाते हैं। डॉ उमा बताती हैं कि हर बार कम से कम 20 सेकंड तक हाथ धोएं। सैनिटाइजर में कम से कम 60 फीसद अल्कोहल होना चाहिए। हाथों के सभी हिस्से को कवर करने के लिए पर्याप्त मात्रा में सैनिटाइजर का उपयोग करें। हाथ ज्यादा गंदे हैं तो यह बहुत प्रभावी नहीं है। इसे साबुनसे धोना ही बेहतर है।

'मरीज जल्द स्वास्थ्य तंत्र को सूचना दे'

नई दिल्ली। कोरोना से पीड़ित मरीजों व संदिग्ध व्यक्तियों को विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि वे बीमारी को छुपाने की बजाय इस बीमारी की सूचना समय से अस्पताल प्रबंधन या स्वास्थ्य अधिकारियों को दें। ऐसा करना मरीज के लिहाज से तो जरूरी है ही साथ ही तभी बीमारी पर भी काबू पाया जा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने दिल्ली में हुई एक बुजुर्ग महिला की मौत के बाद यह कहा है। उच्चस्तरीय सूत्रों ने बताया कि जिस महिला की मौत हुई है उनका बेटा 23 फरवरी को इटली से वापस भारत आ गया था। उसके संपर्क में आने के कारण ही महिला को कोरोना संक्रमण हुआ था।

भारतीय प्रबन्ध संस्थान, लखनऊ
प्रबन्ध नगर, आई.आई.एम.रोड, लखनऊ–226013 (उ0प्र0)
द्वारा नामांकन आमंत्रण
कार्यकारी अधिकारी हेतु 20वीं एक वर्षीय अंशकालिक सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम 2020–21
(240 घंटों का शिक्षण, प्रत्येक 9 दिनों के 4 ''परिसर स्थित मॉड्यूल'' के साथ)
जीएमपीई कार्यक्रम को कार्यरत कार्यकारी अधिकारियों द्वारा आगामी करियर परिवर्तन की तैयारी के लिए आवश्यक सहयोग को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। यह कार्यक्रम वास्तविक विश्व व्यापारिक प्रचलनों के साथ उन्नत प्रबंधन सिद्धांत, व्यावहारिक कौशल और मात्रात्मक उपायों को जोड़ने का कार्य करेगा।
आवेदन शुल्क डिमांड ड्राफ्ट या एनईएफटी द्वारा रु.2,000/– (गैर–वापसी योग्य) के साथ उचित रूप से भरा गया आवेदन फॉर्म "वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (एमडीपी), भारतीय प्रबन्ध संस्थान, प्रबंध नगर, आईआईएम रोड, लखनऊ–226013" के पते पर अंतिम तिथि: 10 अप्रैल, 2020 तक पहुंच जाना चाहिए।
आवेदन पत्र लिंक: http://www.iiml.ac.in/executive-education/long-duration-programmes/gmpe से डाउनलोड किया जा सकता है।
विवरण हेतु संपर्क करें: फोन नं. (0522) 6696287/6696288/6696283/6696282,
ईमेल: gmpe20@iiml.ac.in, वेबसाइट: http://www-iiml-ac-in/

ट्रेनों में अब नहीं मिलेगा कंबल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 मार्च।

कोरोना के संक्रमण के मद्देनजर रेलवे ने अपने वातानुकूलित कोच में यात्रियों को कंबल न देने का फैसला किया है। उत्तर रेलवे ने अपने जारी बयान में कहा है कि ट्रेनों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आम जनता की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि एहतियात के तौर पर कोरोना के खतरे को देखते हुए रेलवे ने अगले आदेश तक एसी कोच में कंबल के वितरण को अस्थाई रूप से निलंबित करने का निर्णय लिया है। एसी कोचों में तापमान उसी हिसाब से बढ़ाया जाएगा।

कोच में 23 से 25 डिग्री तापमान रखा जाएगा। चूंकि ट्रेनों के कंबलों की धुलाई रोज संभव नहीं होती वह महीने में एक बार ही धुले जाते हैं। ऐसे में एक व्यक्ति को अगर संक्रमण है तो उसका उपयोग किया हुआ कंबल दूसरे को भी संक्रमण कर सकता है। लिहाजा ट्रेनों में कंबल न देना बचाव के लिहाज से अहम कदम है। चादरों की रोज धुलाई होती है इसलिए चादर व तकिए का कवर जैसे दिया जाता है वैसे ही दिया जाएगा। इसके अलावा इन कोच के पर्दे भी हटाने की योजना है ताकि रोज न धुले जा सकने वाले परदे से संक्रमण न होने पाए। उत्तर रेलवे के मुख्य प्रवक्ता दीपक कुमार ने बताया कि ट्रेनों में सीटों के हैडल वगैरह पर कीट नाशकों से सफाई की जा रही है। सीटों पर भी दवा का छिड़काव किया जा रहा है। साफ सफाई की नियमित निगरानी की जा रही है।

कोरोना पीड़ित की हालत में सुधार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 मार्च।

कोरोना वायरस से संक्रमित मृत महिला के बेटे की हालत में अब सुधार है। उन्हें सफदरजंग अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष (आइसीयू) से बाहर लाया गया है। अब उनका इलाज पृथक कमरें में किया जा रहा है। उन्हें आरएमएल अस्पताल से सफदरजंग स्थानांतरित किया गया था।

पश्चिमी दिल्ली में कोरोना वायरस से संक्रमित इस मरीज की हालत स्थिर बताई गई है। कोरोना वायरस संक्रमण के कारण पश्चिमी दिल्ली की जिस 68 वर्षीय महिला की मौत हुई थी उनके बेटे की हालत अब स्थिर है। सफदरजंग के उच्चस्तरीय सूत्रों ने बताया कि जनकपुरी निवासी 46 वर्षीय व्यक्ति को शुक्रवार को ही उनकी मां की मौत के बाद ही राम मनोहर लोहिया अस्पताल से सफदरजंग स्थानांतरित कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि शनिवार को सेहत में सुधार होने पर उन्हें आइसीयू से पृथक वार्ड में कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि निगम बोध घाट पर चिकित्सकों की निगरानी में उसकी मां का अंतिम संस्कार हुआ जिसमें वह शामिल नहीं हो सके। सूत्रों ने बताया कि व्यक्ति ने पांच से 22 फरवरी के बीच स्विट्जरलैंड और इटली की यात्रा कर 23 फरवरी को भारत लौटे थे।

शुरुआत में उनमें संक्रमण के लक्षण नहीं पाए गए थे लेकिन कुछ दिन बाद बुखार और खांसी की शिकायत हुई। सात मार्च को राम मनोहर लोहिया अस्पताल को इसकी सूचना दी गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनके पूरे परिवार की जांच की गई। और उसे व उनकी मां को बुखार और खांसी की शिकायत होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

SBI भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन शाखा–।।, 11वां तल, जवाहर व्यापार भवन, एसटीसी बिल्डिंग, 1 टॉल्स्टॉय मार्ग, जनपथ, नई दिल्ली–110001, ईमेल : sbi.50950@sbi.co.in, फोन : 011-43179574
ई–नीलामी बिक्री सूचना

परिशिष्ट IV-क, (नियम 8(6) का परन्तुक देखें) अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस
आम लोगों को और विशेष रूप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूति – दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास दृष्टिबंधक / गिरवी / प्रभारित हैं, का सांकेतिक / वास्तविक कब्जा, (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नवर्णित कर्जदारों / गारंटर्स और बंधककर्ताओं को प्रत्याभूत – दाता (भारतीय स्टेट बैंक) से – प्रतिभूत लेनदार की नीचे वर्णित रूपए की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक 20.04.2020 को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि नीचे वर्णित रूपए होगी।

क्र. सं.	कर्जदार (बी) / गारंटर (रों) (जी) / कार्पोरेट गारंटर (रों) (सीजी) / का नाम पता / पते सहित	नीलामी के अधीन आवृत्त प्रभारित प्रतिभूति का पता	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि (आरक्षित मूल्य का 10%) वृद्धि राशि	मांग सूचना की तारीख तक कुल बकाया राशि भविष्य का ब्याज, खर्चे, लागत और अन्य प्रभार इत्यादि छोडकर (रु.)	सम्पत्ति का स्थल पर निरीक्षण करने हेतु तिथि एवं समय एवं प्राधिकृत अधिकारी का नाम
1	मैसर्स जय पॉलीकेम इंडिया लि. पता : डी–143, डिफैन्स् कॉलोनी नई दिल्ली–24 और : ए–101, लाजपत नगर–।, नई दिल्ली–24 1. श्री संदीप सिंह मधोक, डी–97, डिफैन्स् कॉलोनी, नई दिल्ली–110024 2. श्री सतिन्दर सिंह मधोक, डी–97, डिफैन्स् कॉलोनी, नई दिल्ली–110024 3. श्रीमती सुमोहिता कौर, डी–97, डिफैन्स् कॉलोनी, नई दिल्ली–110024 4. श्रीमती हरनीत कौर, डी–97, डिफैन्स् कॉलोनी, नई दिल्ली–110024 5. श्रीमती प्रकाश कौर, डी–97, डिफैन्स् कॉलोनी, नई दिल्ली–110024 कॉर्पोरेट गारंटर : 1. मैसर्स जसपार्क स्पैशिएलिटी कैमिकल्स् प्रा. लि., ए–101, लाजपत नगर,–।, नई दिल्ली–110024	1) सम्पत्ति खसरा नं. 38/8(1-3), 38/13/2(0-10), 38/14 (0-10) गाँव मुण्डका, दिल्ली में स्थित, भूमि का क्षेत्रफल 2318.40 वर्ग गज, एक भूतल क्षेत्रफल 287.22 वर्ग गज के साथ, यह सम्पत्ति श्री जसवंत सिंह और श्रीमती प्रकाश कौर के नाम पर है। 2) रिहायशी सम्पत्ति ए–1 / 101, लाजपत नगर–।, नई दिल्ली में स्थित, सम्पत्ति का क्षेत्रफल 100 वर्ग गज और बेसमेंट पर बिल्डिंग, भूतल और 3 तल, क्षेत्रफल 360 वर्ग गज, यह सम्पत्ति जसवंत सिंह के नाम पर है। 3) सम्पत्ति डी–143, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली में स्थित, भूमि क्षेत्रफल 325.00 वर्ग गज, साथ में बेसमेंट और 3 तल, क्षेत्रफल 8776 वर्ग फीट, यह सम्पत्ति श्रीमती हरनीत कौर और श्रीमती सुमोहिता कौर के नाम पर है।	₹ 316.00 लाख ₹ 31.60 लाख ₹ 1.00 लाख ₹ 382.00 लाख ₹ 38.20 लाख ₹ 1.00 लाख ₹ 2158.00 लाख ₹ 215.80 लाख ₹ 1.00 लाख	(1) भारतीय स्टेट बैंक, 20.10.2015, रु. 477,56,96,681.46 (2) पूर्व में स्टेट बैंक ऑफ पटियाला, 24.06.2015, रु. 77,07,64,525.28 (3) बैंक ऑफ बड़ौदा, 09.12.2015, रु. 58,66,09,196.00 (4) सैन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, 24.11.2015, रु. 150,67,50,995.00 (5) आंध्रा बैंक, 07.03.2016, रु. 75,70,25,408.00 (6) बैंक ऑफ इंडिया, 04.07.2015, रु. 210,75,93,399.00 (7) इलाहाबाद बैंक, 07.10.2015, रु. 172,98,47,608.93 (8) कार्पोरेशन बैंक, 22.04.2016, रु. 150,25,20,000.00 (9) बैंक ऑफ महाराष्ट्र, 29.03.2016, रु. 130,34,11,686.00 (10) द फैडरल बैंक लि., 17.11.2015, रु. 45,27,44,785.81 (11) केनरा बैंक, 20.01.2016, रु. 123,69,68,471.48 (12) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, 10.02.2015, रु. 81,66,19,723.65 (13) युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया, 23.03.2016, रु. 90,68,43,654.59 कुल : 1845,33,96,135.20	(1) सम्पत्ति क्र.सं. 1 हेतु : दिनांक 08.04.2020 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक (2) सम्पत्ति क्र.सं. 2 हेतु : दिनांक 09.04.2018 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अर्पाह्न 01.00 बजे तक (3) सम्पत्ति क्र.सं. 3 हेतु : दिनांक 09.04.2020 को अर्पाह्न 03.00 बजे से अर्पाह्न 05.00 बजे तक प्राधिकृत अधिकारी : श्री जोगिन्दर पाल सिंह, मुख्य प्रबंधक, मो. नं. 9872466408

ई–नीलामी की तिथि व समय : 20.04.2020 समय 60 मिनट, दोपहर 12.00 बजे से अर्पाह्न 01.00 तक, प्रत्येक 5 मिनट के आसीमित विस्तार
अनुरोध पत्र, केवाईसी दस्तावेजों, पैन कार्ड, ईएमडी जमा करने का प्रमाण आदि जमा करने की तिथि व समय
दिनांक 16-04-2020 अर्पाह्न 4.00 बजे तक या उस से पहले (हार्ड कॉपी) व्यक्तिगत रूप से और ऑनलाइन माध्यम से RTGS/NEFT
भावी बोलीदाता धरोहर राशि डिमांड ड्राफ्ट / आर टी जी एस / एन ई एफ टी के रुप में खाता संख्या 65156762491,
Mandatory sale of Sale IDRs	The Domestic Depository shall arrange for sale of the Shares underlying the Sale IDRs (i.e. outstanding IDRs after the Notice Period, including for which (a) no Withdrawal Order is submitted during the Notice Period; or (b) an invalid Withdrawal Order has been submitted during the Notice Period; or (c) a Withdrawal Order is submitted after May 29, 2020, to the extent of IDRs surrendered under the Cash-out option; or (d) for which a Withdrawal Order is submitted selecting for the Cash-out Option, but the Shares (all or part) underlying the IDRs could not be sold on the LSE (prior to the end of the Notice Period)- to the extent of IDRs representing such unsold Shares) after the delisting, on the LSE, at the prevailing market price, and arrange for the net proceeds (post deduction of applicable taxes and brokerage expenses incurred by the Domestic Depository) of such sale to be distributed to the IDR Holders in proportion to the number of Sale IDRs held by each IDR Holder as on the Sale Record Date. Such proceeds shall be distributed by the Domestic Depository to the IDR Holders (as per the list provided by the securities depositories and the Registrar on the Sale Record Date) by transfer of proportionate net proceeds to their respective bank account/ issuance of a demand draft, as per the details available with the Domestic Depository and/ or the Registrar. Provided however, the net proceeds (without any interest, whatsoever) with respect to the Encumbered IDRs shall be distributed upon release/ enforcement of the encumbrance. The Company or the Domestic Depository shall not require any instruction from the IDR Holders for such sale of the Shares underlying the Sale IDRs.
Unclaimed Proceeds	If there are any unclaimed proceeds lying with the Domestic Depository from the sale of Shares underlying the Sale IDRs, the Domestic Depository shall hold these in trust for twelve (12) years (from the date it has received such proceeds for distribution) to the relevant IDR Holder(s). After completion of a period of twelve (12) years, the Domestic Depository shall transfer an amount equal to that unclaimed distribution to the "Investor Protection and Education Fund" established pursuant to the Securities and Exchange Board of India (Investor Protection and Education Fund) Regulations, 2009 (as amended/substituted from time to time).
Brokerage Fees	Please note that the proceeds of the sale of the Shares underlying the IDRs (as part of the Cash-out Option) and the Sale IDRs, on the LSE would be distributed to the IDR Holders net of the brokerage fee (tentatively 20 bps per Share).
Status of Encumbered IDRs	IDR Holders must ensure that the IDRs held by them are free of any encumbrance, prior to submitting a Withdrawal Order. Even if the IDR Holders are not submitting a Withdrawal Order, for the purpose of distribution of the net cash proceeds after sale of the Shares underlying the Sale IDRs, the IDR Holders must ensure that encumbrance, if any, over the IDRs held by them is released during the Notice Period. The net proceeds with respect to Shares underlying the Encumbered IDRs shall be distributed upon release/ enforcement of such encumbrance, as per the communication received by the Domestic Depository from the Registrar/ Security Depository.

FOR FURTHER DETAILS IN RELATION TO THE TERMINATION PROCESS, PLEASE READ THE TERMINATION OPERATING GUIDELINES, AVAILABLE, ON REQUEST, AT THE OFFICE OF THE COMPANY AT 1 BASINGHALL AVENUE, LONDON, EC2V 5DD, UK, THE DOMESTIC DEPOSITORY AT STANDARD CHARTERED BANK, 23/25 MG ROAD, 3RD FLOOR, FORT, MUMBAI - 400 001, THE OVERSEAS CUSTODIAN AT THE BANK OF NEW YORK MELLON, ONE PICCADILLY GARDENS, MANCHESTER, M1 1RN, UK, AND THE REGISTRAR AT KFIN TECHNOLOGIES PRIVATE LIMITED SELENIUM TOWER B, PLOT NOS. 31 & 32, FINANCIAL DISTRICT NANAKRAMGUDA, SERILINGAMPALLY MANDAL, HYDERABAD - 500 032, AS WELL AS ON THE COMPANY'S WEBSITE AT HTTPS://WWW.SC.COM/EN/INVESTORS/SHAREHOLDER-INFORMATION/INDIAN-DEPOSITORY-RECEIPTS/IDR-INDIAN-DEPOSITORY-RECEIPTS/. TO ASSIST THE IDR HOLDERS, THE COMPANY HAS UPLOADED SOME LIKELY QUESTIONS CONCERNING THE TERMINATION PROCESS AND THE MECHANISM FOR PARTICIPATING IN THE TERMINATION PROCESS ON ITS WEBSITE AT HTTPS://WWW.SC.COM/EN/INVESTORS/ SHAREHOLDER-INFORMATION/INDIAN-DEPOSITORY-RECEIPTS/IDR-INDIAN-DEPOSITORY-RECEIPTS/ AND THESE SHOULD BE READ IN CONJUNCTION WITH THESE TERMINATION OPERATING GUIDELINES AND OTHER APPLICABLE LAWS.

To address the queries of the IDR Holders, the Domestic Depository and the Registrar has set up dedicated telephone helplines during the working hours (i.e. 9:00 am to 6:00 pm) on all working days, until completion of the termination process and six (6) months thereafter.

The details of the dedicated telephone lines are: Domestic Depository: +91 (0)22 -6115-7854/ +91 (0)22 -6115-7758; **Registrar**: 1800 3454 001

In order to efficiently implement the termination process, the Deposit Agreement was amended pursuant to the amendment agreement dated March 12, 2020 between the Company and the Domestic Depository (the "**Amendment Agreement**"). A copy of the Amendment Agreement is available, on request, at the office of the Domestic Depository at Standard Chartered Bank, Securities Services, 23-25 MG Road, 3rd Floor, Fort, Mumbai - 400 001.

IDR Holders should also consult their own counsel and advisors as to business, legal, tax, accounting and related matters under Indian and other applicable laws.

Date : March 16, 2020
Mumbai

For **Standard Chartered PLC**
on behalf of Board of Directors
Sd/-

Adfactors 481

www.readwhere.com

जनसत्ता

रिहाई और उम्मीदें

जम्मू-कश्मीर प्रदेश शासन ने नेशनल कांफ्रेंस के वरिष्ठ नेता और सांसद फारूक अब्दुल्ला को रिहा करके यह सकारात्मक संदेश देने की कोशिश की है कि राज्य में जैसे-जैसे हालात सामान्य होते जाएंगे, वह और नेताओं की रिहाई के बारे में भी विचार कर सकती है। पिछले साल पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने और राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांट देने के साथ ही सरकार ने राज्य के तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों- फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती को नजरबंद कर दिया था। तब सरकार और प्रशासन का कहना था कि हालात की संवेदनशीलता को देखते हुए इन लोगों को हिरासत में लिया गया है और जब हालात सामान्य होने लगेंगे, इनकी रिहाई पर विचार होगा। फारूक अब्दुल्ला की रिहाई का फैसला चौंकाने वाला इसलिए है कि हाल तक सरकार की ओर से ऐसे कोई संकेत नहीं थे कि वह राज्य के शीर्ष और ताकतवर नेताओं की रिहाई के बारे में सोच भी रही है। फारूक अब्दुल्ला को रिहा कर सरकार ने यह संदेश देने की कोशिश की है कि किसी भी नेता को बदले की भावना से हिरासत में रखने का उसका कोई इरादा नहीं रहा।

फारूक अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर की राजनीति के सबसे पुराने नेता हैं। वर्तमान में वे श्रीनगर से लोकसभा के सांसद हैं। कई बार जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री रहे, 2009 से 2014 तक केंद्र में भी मंत्री रहे। जाहिर है, जम्मू-कश्मीर की राजनीति में उनकी गहरी पैठ है, लोगों के बीच व्यापक जनाधार है। जम्मू-कश्मीर में इस वक्त जितने भी नेता हिरासत में हैं, वे अनुच्छेद 370 को खत्म करने के प्रबल विरोधी हैं। इसीलिए केंद्र ने पिछले साल अगस्त में जब अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी का फैसला करने से पहले इस बात को भांप लिया था कि इन नेताओं को अंदर किए बिना इस फैसले को लागू करना भारी पड़ सकता है। इसमें कोई संदेह भी नहीं कि पूरी घाटी को छावनी में बदले बिना सरकार इस दिशा में कोई कदम बढ़ा भी नहीं सकती थी। सरकार को डर था कि अनुच्छेद 370 को लेकर ये नेता घाटी में आंदोलन करेंगे, विरोध-प्रदर्शन करेंगे और नौजवानों को भड़का सकते हैं और इससे जो हिंसा भड़केगी, वह उसके लिए भारी पड़ सकती है। इसलिए सबसे पहले घाटी की मुसलिम आबादी में दबदबा रखने वाले नेताओं को अंदर किया गया। हालांकि सरकार का यह कदम कितना उचित और लोकतांत्रिक था, यह विवाद का विषय है और सरकार को इसके लिए आलोचनाएं भी सुननी पड़ी हैं। बिना किसी आरोप के हिरासत में लेना और फिर जन सुरक्षा कानून की आड़ लेकर बंद कर देने जैसे फैसले पर सरकार को विपक्ष घेरता रहा है।

इसमें कोई संशय नहीं कि घाटी में लोगों को कई महीनों तक पीड़ादायक दौर से गुजरना पड़ा है। फोन और इंटरनेट सेवाएं लंबे समय तक बंद रहीं, जिन्हें कुछ समय पहले ही बहाल किया गया है। घाटी में अब राजनीतिक माहौल क्या और कैसा होगा, इसके बारे में अभी निश्चित तौर पर कुछ भी कहना मुश्किल है। घाटी में पांच मार्च से पंचायत चुनाव होने थे, लेकिन पिछले महीने ही इन्हें अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया। मुख्यधारा के राजनीतिक दलों का कहना था कि पहले उनके नेताओं को रिहा किया जाए, उसके बाद ही वे इसमें हिस्सा लेंगे। हालांकि अब देखने की बात यह है कि फारूक अब्दुल्ला किस दिशा में बढ़ते हैं। उन्होंने साफ कर दिया है कि जब तक उमर और महबूबा मुफ्ती सहित अन्य नेताओं की रिहाई नहीं हो जाती तब तक वे अपने पत्ते नहीं खोलेंगे। जो हो, घाटी में हालात सामान्य बनाने के लिए सबसे जरूरी तो यह है कि सरकार और सभी विपक्षी दल टकराव का रास्ता छोड़ें और घाटी के सुनहरे भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं।

संकट और बचाव

भारत में कोरोना संक्रमण से दो लोगों की मौत और कुछ नए मरीजों का सामने आना बता रहा है कि बचाव के तमाम उपायों के बावजूद देश में यह महामारी फैल रही है। भले बड़े पैमाने पर संक्रमण के मामले सामने न आए हों, लेकिन रोजाना जिस तरह से नए मरीज सामने आ रहे हैं, वह चिंता का विषय है। ज्यादातर राज्यों में स्कूल-कॉलेज, सिनेमाघर, मॉल आदि बंद कर दिए गए हैं। ऐहतियात के तौर पर लोगों को दफ्तर के बजाय घर से काम करने को कहा गया है। सरकार ने हालात की गंभीरता को देखते हुए कोरोना संकट को राष्ट्रीय आपदा घोषित कर दिया है। हालात बेकाबू न हों, इसके लिए हर स्तर पर हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। अभी तक कोरोना संक्रमण के जितने मामले सामने आए हैं, उनसे यह साबित हो चुका है कि यह संक्रमण संपर्क के जरिए ही फैल रहा है। ज्यादातर कोरोना पीड़ित वही लोग हैं जो विदेश यात्रा से लौटे हैं और यहां जो उनके संपर्क में आया, उसे यह संक्रमण लगा।

लेकिन अब एक नई समस्या यह सामने आ रही है कि कुछ कोरोना संदिग्ध और संक्रमित अस्पतालों से चुपचाप निकल जा रहे हैं। नागपुर के अस्पताल से चार संदिग्ध भाग निकले। इसी तरह केरल में एक संक्रमित मरीज अस्पताल से खिसक लिया। हालांकि पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे खोज निकाला। अल्लपुझा के सरकारी मेडिकल कालेज में दाखिल एक अमेरिकी दंपति भी धोखा दे निकल गया, जिसे कोच्चि हवाई अड्डे पर पकड़ लिया गया। सवाल है कि क्या कोरोना संक्रमित मरीजों और संदिग्धों की कोई निगरानी नहीं हो रही? क्या अस्पतालों में इन्हें आम मरीजों की तरह ही लिया जा रहा है? इस वक्त जिस तरह के हालात हैं, उसमें तो ऐसे मरीजों की खासी निगरानी और सुरक्षा होनी चाहिए। बीमारी न फैले, इसके लिए अल्पतालों में विशेषतौर पर अलग से आइसोलेशन वार्ड बनाए गए हैं। यहां से किसी मरीज का निकल जाना गंभीर बात है।

कोरोना को लेकर हर स्तर पर लोगों को जागरूकता बनाने के भी प्रयास हो रहे हैं ताकि इस बीमारी को लेकर लोगों में कोई भ्रम न पैदा हो, कोई खौफ न फैले। लेकिन दुख और हैरानी की बात है कि ऐसे वक्त में भी हमारे नेता बचकानी और बेतुकी बातें करने से बाज नहीं आ रहे। हरियाणा सरकार के एक मंत्री ने यह सुझाव दे डाला कि कोरोना से बचने के लिए शाकाहारी बनें, तो कोई योग करने और गरम पानी पीने पर जोर दे रहा है। जबकि हकीकत यह है कि शाकाहार, योग कोरोना संक्रमण से बचाव का कोई उपाय नहीं हैं। सभी डॉक्टर हाथ धोने, भीड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने और खांसी-जुकाम वाले मरीजों से एक मीटर की दूरी बनाए रखने जैसे उपायों पर जोर दे रहे हैं जो इस संक्रमण से बचाव के बुनियादी तरीके हैं। जब ऐसी महामारी फैलती है तो लोग घबरा जाते हैं और अपने स्तर पर ऐसे उपाय करने लगते हैं जो उन्हें संकट में डाल सकते हैं। कोरोना से बचाव के लिए सबसे जरूरी है कि डॉक्टर इससे बचाव के जो तरीके बता रहे हैं, उन्हें नजरअंदाज न किया जाए।

कल्पमेधा

आत्मसम्मान, आत्मज्ञान और आत्मसंयम- ये तीनों ही जीवन को परम शक्ति की ओर ले जाते हैं।
-टैनीसन

कर सुधारों की चुनौती

जयंतीलाल भंडारी

भले सरकार कर सुधारों की दिशा में बढ़ रही है, लेकिन करदाताओं को इनका लाभ तभी मिल पाएगा, जब करदाता ईमानदारी से अपने करों का भुगतान करेंगे। सबसे बड़ी समस्या यह है कि देश में अभी सिर्फ डेढ़ करोड़ लोग ही आयकर देते हैं। स्थिति यह है कि देश के केवल तीन लाख लोगों ने ही अपनी आय पचास लाख रुपए सालाना से अधिक घोषित की है। केवल दो हजार दो सौ पेशेवरों ने ही अपनी आय एक करोड़ से अधिक बताई है।

लंबे समय से दुनिया की वित्तीय और शोध संगठनों की रिपोर्टों में भारत के बारे में यह कहा जाता रहा है कि भारत के आर्थिक विकास की सबसे बड़ी चुनौती कर संबंधी जटिलताएं हैं। साथ ही यह भी कहा जाता है कि देश जब करों के सरलीकरण के रास्ते पर बढ़ेगा, तभी तेज आर्थिक विकास हो सकेगा। ऐसे में जुलाई 2017 में अप्रत्यक्ष करों के लिए जीएसटी लागू किए जाने के बाद अब सरकार प्रत्यक्ष कर सुधार (डायरेक्ट टैक्स रिफॉर्म यानी डीटीआर) की दिशा में बढ़ती दिखाई दे रही है। यह बात उल्लेखनीय है कि एक फरवरी, 2020 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते वक्त प्रत्यक्ष कर सुधारों को लेकर तीन बड़ी घोषणाएं की थीं। अब वक्त है इन्हें अमली जामा पहनाने का। ये घोषणाएं थीं- एक, प्रत्यक्ष कर विवादों के समाधान के लिए विवाद से विश्वास योजना। दो, अर्थव्यवस्था को गतिशील करने के लिए उपभोग खर्च बढ़ाने वाली आयकर की नई व्यवस्था और तीसरी, करदाताओं के अधिकारों के लिए करदाता चार्टर को लागू करना।

देश में आजादी के बाद पहली बार प्रत्यक्ष कर विवादों के समाधान के लिए हाल में चार मार्च को लोकसभा में मंजूर की गई 'विवाद से विश्वास योजना' पर करदाताओं के साथ-साथ देश के आर्थिक जगत की भी निगाहें लगी हैं। देश में पहली बार इस साल पांच फरवरी को वित्त मंत्री ने प्रत्यक्ष कर विवादों के समाधान की 'विवाद से विश्वास योजना' लागू करने के लिए लोकसभा में प्रत्यक्ष कर विधेयक पेश किया था। फिर इसे 12 फरवरी को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी। इस योजना के तहत 31 मार्च तक विवादित बकाया कर का भुगतान करने पर कर दाता को कर पर लगाने वाले ब्याज एवं जुर्माने से छूट दी जाएगी। यह अवधि जरूरत के मद्देनजर बढ़ाई जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि करीब प्रत्यक्ष कर विवादों के चार लाख तिरासी हजार मामलों में 30 नवंबर, 2019 तक नौ लाख छियानवे हजार आठ सौ उनतीस करोड़ रुपए का कर फंसा हुआ है। इसमें पांच लाख दो हजार एक सौ सत्तावन करोड़ रुपए कॉरपोरेट टैक्स से संबंधित हैं और बाकी चार लाख चौरानवे हजार छह सौ इकहत्तर करोड़ रुपए आयकर संबंधी मामलों के हैं। इस योजना को सफल बनाने के लिए सरकार कितनी दृढ़ संकल्प है, इसका अनुमान हाल में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के द्वारा प्रत्यक्ष कर से संबंधित अधिकारियों को भेजे गए उस परिपत्र से लगता है, जिसमें कहा गया है कि भविष्य में प्रत्यक्ष कर से संबंधित आधिकारियों की वार्षिक वेतनवृद्धि और पदोन्नति विवाद से विश्वास योजना के तहत उनके द्वारा निपटाए गए मामलों पर निर्भर करेगी।

नई प्रत्यक्ष कर समाधान योजना के तहत करदाता अपनी पिछली अतिरिक्त आय का खुलासा कर सकेंगे। इस योजना के तहत आयुक्त अपील, आयकर अपील न्यायाधिकरण, उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में लंबित प्रत्यक्ष कर विवादों के साथ-साथ मध्यस्थता और ऋण वसूली पंचाटों में लंबित मुकदमों, कर संशोधन और जब्ती के छोटे मामले भी इसमें शामिल किए गए हैं। इनके निपटान में ब्याज, जुर्माने और अभियोजन की छूट की पेशकश की गई है। यह योजना 30 जून, 2020 तक जारी रहेगी। यदि कर बकाया केवल विवादित ब्याज और जुर्माने से जुड़ा है तो योजना में घोषित निर्धारित अंतिम तिथि तक विवाद का निपटारा करने पर विवादित जुर्माने / ब्याज की पच्चीस फीसद राशि का भुगतान करना होगा। उसके बाद यह राशि तीस फीसद हो जाएगी। माना जा रहा है कि प्रत्यक्ष कर विवाद समाधान योजना आर्थिक सुस्ती से निपटने का कारगर हथियार साबित हो सकती है। अगर इस योजना पर ईमानदारी के साथ काम हुआ तो सरकारी खजाने को करीब नौ लाख करोड़ रुपए की एक बड़ी धनराशि उपलब्ध हो सकती है, साथ ही मुकदमों पर सरकार का होने वाला खर्च भी घटेगा।

आयकर भुगतान को सरल बनाने के लिए वित्त मंत्री ने बजट के तहत आयकरदाताओं को पहली बार दो विकल्प दिए हैं। या तो आयकरदाता पिछले वर्ष के बजट में दी गई निवेश पर आयकर छूटों का लाभ ले सकता है या फिर नए बजट की आयकर छूटों का। चूंकि नया बजट एक अप्रैल, 2020 से लागू होगा, इसलिए देश के इतिहास में पहली बार करदाता चार्टर भी लागू हो जाएगा। बजट में आयकर अधिनियम में एक नई धारा 119 (ए) जोड़ने का प्रस्ताव किया गया है। यह धारा केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को एक करदाता चार्टर अपनाने एवं घोषित करने के लिए अधिकृत करती है। आयकर अधिनियम में नई धारा जोड़े जाने के बाद सीबीडीटी के पास आयकर अधिकारियों को दिशानिर्देश और आदेश जारी करने की शक्ति मिल जाएगी।

यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि दुनिया भर में करीब चालीस देशों में ऐसे करदाता चार्टर बने हुए हैं। भारत को एक कठोर कर नियमन वाले देश के के रूप में देखा जाता रहा है। ऐसे में इस चार्टर से करदाताओं का भरोसा बहाल करने में मदद मिलेगी। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि नए करदाता चार्टर को तैयार करते समय कानून-निर्माताओं को करदाताओं के प्रति जवाबदेही भी दिखानी होगी। करदाता चार्टर में कर विवरण सूचना की निजता, कारोबार संबंधी आंकड़ों की गोपनीयता और औपचारिक समाधान प्रक्रिया से इतर एक शिकायत निपटान प्रणाली को भी शामिल किया जाना होगा। एक करदाता चार्टर भले ही करदाता को अधिकार दे देगा, लेकिन उसके प्रभावी होने के लिए लोगों की मानसिकता में बदलाव और कर अधिकारियों के भीतर जवाबदेही की भावना लाने की भी जरूरत है।

अब जब कुछ प्रत्यक्ष कर सुधारों पर काम शुरू हो गया है, तब करदाता नई प्रत्यक्ष कर संहिता और नए आयकर कानून पर नजरें लगाए बैठे हैं। रंजन समिति की रिपोर्ट में प्रत्यक्ष कर कानूनों में व्यापक बदलाव और वर्तमान आयकर कानून को हटा कर नए सरल व प्रभावी आयकर कानून लागू करने की बात कही गई है। नए आयकर कानून में छोटे करदाताओं की सहूलियत के लिए कई प्रावधान सुझाए गए हैं। अकलन की प्रक्रिया सरल किए जाने और आयकर कानून के किसी प्रावधान को लेकर करदाता सीधे केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड से व्यवस्था ले सकेंगे।

भले सरकार कर सुधारों की दिशा में बढ़ रही है, लेकिन करदाताओं को इनका लाभ तभी मिल पाएगा, जबकि करदाता ईमानदारी से अपने करों का भुगतान करेंगे। सबसे बड़ी समस्या यह है कि देश में अभी सिर्फ डेढ़ करोड़ लोग ही आयकर देते हैं। स्थिति यह है कि देश के केवल तीन लाख लोगों ने ही अपनी आय पचास लाख रुपए सालाना से अधिक घोषित की है। केवल दो हजार दो सौ पेशेवरों ने ही अपनी आय एक करोड़ से अधिक बताई है। जबकि पिछले पांच साल में तीन करोड़ लोग व्यापार के सिलसिले में या घूमने के लिए विदेश गए और पिछले पांच साल में डेढ़ करोड़ से ज्यादा महंगी कारें खरीदी गई हैं। ऐसे लोग अगर ईमानदारी से कर नहीं चुकाते हैं तो इसका बोझ ईमानदार करदाताओं पर पड़ता है।

देश में अगर सभी करदाता भी ईमानदारी से कर देने की संस्कृति विकसित कर लें तो ज्यादातर समस्याओं का समाधान हो सकता है। इससे ईमानदार करदाता तो लाभान्वित होंगे ही, देश की अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगी। साथ ही सरकार को भी इस तरह की नीतियां बनानी होंगी जो हर करदाता, खासतौर से छोटे करदाताओं के हितों के अनुकूल हों। कर प्रणाली की जटिलता को लेकर लोगों में जो भय व्याप्त हैं, उन्हें दूर करना होगा। तभी भारत 2025 तक पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का सपना पूरा कर सकता है।

विलुप्ति का मंजर

सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

गाने वाली चिड़िया की कहानी हम सभी जानते हैं। कहानी का सार यह है कि एक राजा गाने वाली चिड़िया की आवाज से वंचित होने पर मौत की कगार पर पहुंच जाता है। उसे अंत में चिड़िया की मीठी आवाज ही बचाती है। यह केवल एक चिड़िया की कहानी नहीं है, बल्कि हमारे जीवन में चिड़िया महत्ता की सच्चाई का प्रतीक है। साहित्य से लेकर जनमानस तक और फिल्मी गीतों से लेकर मुहावरों-कहावतों तक चिड़िया का बोलबाला है। फिर चाहे 'कोयल-सी तेरी बोली...' वाला गाना हो या फिर 'अब पछताय होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत' जैसी कहावत, सबमें चिड़िया का जिक्र होता रहता है।

चिड़िया की एक अहम कहानी 'रामायण' में पढ़ने को मिलती है। मिथुन क्रीड़ा में मग्न क्रौंच पक्षी के शिकार का ब्योरा साहित्य के नवांकुर की याद दिलाता है। क्रौंच पक्षी की पीड़ा से पंत की 'वियोगी होगा पहला कवि, आह से उपजा होगा गान' की पंक्तियां सत्य की चौखट पर चरितार्थ होती दिखती हैं। क्रौंच पक्षी का दूसरा नाम ही सारस है। मांसाहारियों के लिए इसका मांस स्वादप्रिय होने के कारण आज ये लगभग लुप्त हो गए हैं। खास बात यह है कि शिकारी कुछ सारस पक्षियों को पाल कर उन्हें प्रशिक्षण देते हैं। प्रशिक्षित सारस पक्षी शिकारी द्वारा फैलाए दानों को चुगने के लिए अन्य सारस पक्षियों को बुलाते हैं। सुना था कि मनुष्य ही अपनी प्रजाति के साथ धोखा करने से पीछे नहीं हटता। अंतर केवल इतना है कि इस बात में सारस किसी के हाथों मजबूर है।

विलुप्ति का खंजर देश में चिड़ियों के भविष्य को लथपथ कर रहा है। प्रकृतिप्रेमी इससे काफी आहत हैं। शहरीकरण, जंगलों की कटाई, पर्यावरणीय प्रदूषण, मनुष्य की जिह्वा तृष्णा के चलते चिड़िया की चीं-चीं-चूं-चूं दबती जा रही है। उनके विचरणस्थल जैसे- जमीन, आसमान, समुद्र- सब पर अहंकारी मनुष्य का कब्जा हो चला है। अब तो उसकी नजर दूसरे ग्रहों तक पहुंच गई है। चिड़िया मनुष्य की क्षमता के आगे बेबस है। हालांकि वह दिन दूर नहीं, जब मनुष्य की क्षमता ही उसके लिए भस्मासुर का हाथ बन जाएगा।

दुनिया मेरे आगे

हमारे देश में अब भी चिड़ियों की चहचहाहट से प्रेम करने वालों की कमी नहीं है। आए दिन दूरबीन, कैमरा लेकर जंगल में अपने प्रिय चिड़िया की आवाजें सुनने के लिए वे घूमते रहते हैं। किसी समय झुंड में दिखाई देने वाले कौवे आज नदारद हैं। गौरैया तो मानो हमारे परिवार का हिस्सा ही बन चुका था, लेकिन मोबाइल फोन के टावरों के चलते आज वे गायब हो गए लगते हैं। गांवों में बड़ी संख्या में दिखाई देने वाले गिद्ध आज हमारे लिए सपना बन गए हैं। गिद्ध ही वह प्राणी है जो रोगग्रस्त शवों को खाकर खतरनाक कीटाणु-विषाणुओं को संक्रमित होने से रोकता था। आज गिद्ध संरक्षण के नाम पर लाखों रुपए खर्च करने के लिए संस्थाएं तैयार हैं, लेकिन संरक्षण के लिए गिद्ध ही नहीं हैं। पेड़ों के तनों में घोंसले बना कर रहने वाले तोता, मैना, कठफोड़वा हमारे बचपन की वे यादें हैं, जिनके बिना हमारी कहानियां अधूरी हैं। दादा-दादी, नाना-नानी की गोद में सोकर हमने उन पक्षियों के किस्सों से खुद को आनंदित किया है।

तोते का अधखाया अमरूद, कोयल की मीठी बोली, कौवों से मेहमानों का संदेश, गौरैया से बच्चों की चंचलता अब कहां बचे हैं? यही कारण है कि आज हमारी बोली में न तो उनके जैसी मिठास है और न ही सुंदरता। मनुष्य की लालसायुक्त गतिविधियों और जंगलों के विनाश के कारण ये विलुप्त होते जा रहे हैं। विलक्षण पक्षियों की प्रजातियां अब केवल पुस्तक तक ही सीमित रह गई हैं। दिनोंदिन बढ़ती जनसंख्या पशु-पक्षियों के निवास स्थान रूपी जंगल को काट-छांट कर अपने लिए रहने की जगह बना रहे हैं। आज ऐसी कई प्रजातियां हैं, जिनकी रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी बन गई है। इनकी ऐसी अवस्था के लिए मानवीय क्रियाकलापों को जिम्मेदार माना जा रहा है। विलुप्ति की कगार पर पहुंची पक्षियों की प्रजातियों के पीछे सबसे महत्त्वपूर्ण कारण पेड़ों की अवैध और अंधाधुंध कटाई है। पक्षियों का लगातार शिकार, उनका अवैध व्यापार और ग्लोबल वार्मिंग- ये सभी कारक उन्हें हमारी दुनिया से दूर कर रहे हैं। भूमि, जल, ध्वनि और वायु प्रदूषण के चलते उनका इस धरती पर रहना दुश्वार हो गया है। आज का मनुष्य यह भूल गया है कि पृथ्वी पर अन्य जीव-जंतुओं को भी रहने का उतना ही अधिकार है, जितना मनुष्य को। वनस्पति, जीव-जंतु तथा मानव एक दूसरे के अस्तित्व के पूरक हैं। आदिकाल में शिकार, जोखिम और बहादुरी का प्रतीक था, तो मध्यकाल में शान-शौकत व मनोरंजन का काम समझा जाने लगा। आधुनिक युग में तो यह अत्यधिक लाभप्रद व्यवसाय के रूप में परिवर्तित हो गया है। जिस दिन हम चकाचौंध छोड़ कर खुले दिल और दिमाग से इनके बारे में सोचेंगे, उसी दिन इन विलुप्त होते पक्षियों की रक्षा कर पाएंगे।

उठता भरोसा

हर व्यक्ति अपने धन को सुरक्षित रखने के लिए चिंतित रहता है। खासतौर से यह चिंता अब और इसलिए भी बढ़ती जा रही है क्योंकि आए दिन बैंकों को लेकर चौंकाने वाली खबरें देखने-पढ़ने को मिल रही हैं। बैंकों का कर्ज लेकर भागने वालों और उस कारण बैंकों का बढ़ता एनपीए और येस बैंक डूबने, पीएमसी बैंक का भट्ठा बैंटने जैसी घटनाओं ने लोगों की नींद उड़ा दी है और इससे लोगों का बैंकिंग व्यवस्था से भरोसा उठ गया है। लोगों को लग रहा है कि उनका पैसा बैंकों में सुरक्षित नहीं है। ऐसे में जनता किस पर भरोसा करें? ऐसी स्थिति में सरकार को यह जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि वह बैंकों की नीति में कुछ ऐसे ठोस बदलाव करे जिससे बैंकों की सुरक्षा मजबूत हो और लोगों का पैसा सुरक्षित रहे। तभी लोगों में बैंकों को लेकर भरोसा कायम होगा।

● *अमन माहेश्वरी, दिल्ली*

नियामक पर सवाल

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र की परेशानियां खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। इसका एक मुख्य कारण है कि बैंकिंग क्षेत्र की निगरानी करने वाले नियामक रिजर्व बैंक की लापरवाही। इसी सरकार में यह देखने को मिला है कि रिजर्व बैंक जैसी संस्थाओं में भी पदों की नियुक्ति राजनीति से ओतप्रोत है। पिछले कुछ सालों में रिजर्व बैंक में शीर्ष नियुक्तियों और सरकार से असहमति के चलते इस्तीफों को लेकर जिस तरह की सिथतियां बनीं, उसका असर बैंक के कामकाज की संस्कृति और साख पर पड़ना लाजिमी है। और यही वजह है कि पिछले कुछ समय में जितने बैंक घोटाले सामने आए हैं, उसमें रिजर्व बैंक की भूमिका पर अंगुलियां उठी हैं। अगर नियामक ही कमजोर होगा तो बैंकों पर कैसे लगाम कसेगा?

● *मोहम्मद आसिफ, दिल्ली*

निवेशकों को चपत

कोरोना वायरस से दुनिया भर के बाजारों में जिस तरह की गिरावट बनी हुई है, उससे निवेशकों से लेकर सरकारों तक का परेशान होना स्वाभाविक ही है। पिछले गुरुवार को भारत में निवेशकों को ग्यारह लाख करोड़ की चपत लग गई। इसके साथ ही येस बैंक के डूबने की खबर ने भी बाजार को भारी नुकसान पहुंचाया। जहां तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम गिरने का सवाल है, तो उसका कोई बहुत ज्यादा फायदा भारत को मिल नहीं पा रहा है। निवेशकों का बाजार में भरोसा बना रहे, इसके लिए सरकार को जरूरी कदम उठाने होंगे।

● *युगल किशोर शर्मा, खांबी (फरीदाबाद)*

मौसम की मार

पिछले एक हफ्ते से हो रही बारिश और ओलों ने रबी फसलें तबाह कर दी हैं। दो दशक में यह पहला मौका है, जब मार्च के पहले हफ्ते में इतनी अधिक बारिश हुई है। इस बारिश और ओलावृष्टि में गेहूं, चना, सरसों आदि फसलों को भारी नुकसान हुआ है और किसानों के समक्ष गंभीर संकट खड़ा हो गया है। इससे पहले ठंड और पाला पड़ने के कारण आलू और टमाटर की खेती चौपट हो गई थी। खेतों में बर्बाद फसल देख किसान खून के आंसू रो रहा है और मदद के लिए सरकार की ओर देख रहा है। अब देखना यह होगा की किसानों के नाम पर वोट मांगने वाले नेता इस पर क्या फैसला करते है। सरकार को अन्नदाताओं को मदद करनी चाहिए, ताकि उनका जो कुछ नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई हो सके।

● *नीतीश कुमार पाठक, औरंगाबाद (बिहार)*



किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

रिहाई से उम्मीदें

पिछले साल पांच अगस्त के बाद फारूक अब्दुल्लाह के बारे में जब पूछा गया था तो जवाब आया- नहीं, वे घर पर हैं। फिर जब पूछा गया कि वे संसद सत्र में क्यों हिस्सा नहीं ले रहे हैं, तो बताया गया था कि वे अपने मर्जी से घर पर बंद हैं, सरकार उन्हें गोद में बिठा कर तो संसद में नहीं ला सकती। कुछ दिन और बीते तो कहा गया कि उन्हें जन सुरक्षा कानून (पीएसए) के तहत गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी का कारण बताया कि इनके बाहर रहने से कश्मीर में दंगा हो सकता है। शांति भंग हो सकती है। यानी भविष्य का ख्याल करके कार्रवाई की गई। पिछले दिनों दिल्ली में जिन नेताओं ने भड़काऊ भाषण दिए, उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। लेकिन जनता सब समझती है। देर आयद दुरुस्त आयद। फारूक अब्दुल्लाह को रिहा कर दिया गया। अभी भी एक हजार के करीब लोग जेलों में बंद है। अगर जमहूरियत को कायम रखना है तो इन सभी की फौरन रिहाई होनी चाहिए।

● *जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर*

जागरूक उपभोक्ता

जागो ग्राहक जागो- जनहित में जारी एक लोकप्रिय नारा है। यह वास्तव में उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागृत करने का एक सरकारी प्रयास है। भारत ही नहीं, अपितु पूरे विश्व में बढ़ते बाजारवाद ने उपभोक्ता संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है। लेकिन अभी भी उपभोक्ताओं में जागरूकता की भारी कमी है। व्यापारी व उद्यमी वर्ग जहां वस्तुओं में मिलावट, नापतौल में कमी, व्यापारियों द्वारा अधिकाधिक मुनाफा कमाने और निज स्वार्थ की पूर्ति के लिए अनैतिक तरीके अपना कर ठगने का कुप्रयास किए जाते हैं, वही भ्रामक और झूठे विज्ञापनों के जरिए लोगों को लुभाने की प्रवृत्ति बहुत बढ़ गई है। ऐसे में उपभोक्ताओं को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागृत करने, बाजार में होने वाली जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावटी सामग्री का वितरण, एमआरपी से अधिक दाम वसूलने, बिना मानक वस्तुओं की बिक्री और नाप तौल में गड़बड़ी जैसी अनियमितताओं के प्रति ग्राहकों को जागरूक करने के उद्देश्य से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम बनाए गए। निश्चय ही जनहित में जारी यह प्रयास तभी सार्थक हो सकता है जब हम उपभोक्ताओं के अधिकारों व कर्तव्यों को सामान्य जन तक पहुंचाने में सफल होंगे।

● *मंजर आलम, रामपुर डेहरू (मधेपुरा)*

www.readwhere.com

जानकारी

शैल पुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, कुष्मांडा, स्कन्दमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी तथा सिद्धिदात्री इन नौ नामों से नव दुर्गा की प्रतिष्ठा की जाती है। सप्तशती के मुख्य पाठ के साथ कवच तथा रहस्यों का पाठ इसके महत्व को द्विगुणित कर देता है। इससे स्पष्ट है कि चैत्र नवरात्रों का अपना अलग ज्योतिषीय महत्व प्रतिष्ठापित है।

चैत्र नवरात्र

कैलेंडर

तीज त्योहार

16 से 31 मार्च

16 मार्च :
सोमवार : शीतला अष्टमी, बसोड़ा

19 मार्च :
गुरुवार : पापमोचनी एकादशी

25 मार्च :
बुधवार : चैत्र नवरात्रि प्रारंभ, गुडी पडवा

27 मार्च :
शुक्रवार : गौरी पूजा, गणगौर

30 मार्च :
सोमवार : यमुना छठ

चैत्र नवरात्र का ज्योतिषीय महत्व

प्रदीप कुमार जोशी

सनातन संस्कृति में समस्त त्योहार ज्योतिषीय गणना के अनुसार ही तय तिथियों में प्रारंभ होते हैं। इन सभी की गणना देश में प्रचलित सौर मास एवं चांद्रमास के अनुसार ही होती है। चंद्रमा एवं सूर्य की गति के अनुसार इन सभी त्योहारों की अंग्रेजी तिथि निरंतर बदलती रहती है। चंद्रमा का राशि चलन नक्षत्रों के अनुसार ही होता है।

चैत्र नवरात्र भी नक्षत्र एवं चंद्रमा के अनुसार प्रारम्भ होते हैं और समाप्त होते हैं। चैत्र शुक्ल पक्ष की नवरात्रि के प्रथम दिन से ही भारतीय नववर्ष भी प्रारंभ होता है। ऐहीलौकिक एवं पारलौकिक दो भागों में विभक्त हमारे जीवन को आयुर्वेद, ज्योतिष, योगशास्त्र, वास्तुशास्त्र एवं शिल्प कला आदि तथा वेदांत, न्याय, सांख्य योगदर्शन आदि से प्रभावित बतलाया गया है।

भौतिक जीवन की वास्तविक स्थिति के ज्ञान के लिए ज्योतिष शास्त्र को सर्वोपयोगी शास्त्र कहा गया है। इसके माध्यम से मनुष्य भूत, भविष्य एवं वर्तमान को जान सकता है। भौतिक जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक उन्नति प्राप्त करना ही नहीं है अपितु आध्यात्मिक जीवन की प्राप्ति भी है। जीवन की अनुकूलता एवं प्रतिकूलता का ज्ञान ज्योतिष से होता है तथा विषम परिस्थितियों का निराकरण भी ज्योतिष शास्त्र में बताए गए उपचारों से संभव होता है।

महामाया
भगवती दुर्गा की उपासना के लिए बासंती (चैत्र) नवरात्रियों की व्यवस्था भी धर्मज्ञों द्वारा ज्योतिषीय महत्व के अनुसार ही की गई है। इन दिनों में नव ग्रहों के दुष्प्रभाव से बचने के लिए दुर्गा के नौ रूपों का विधान है।

भगवान कृष्ण गीता में, सृष्टि के सृजन, पालन एवं प्रलय में अपनी समान स्थिति का ज्ञान कराते हुए कहते हैं कि ज्योतिष में सूर्य, नक्षत्रों में चंद्रमा, सम्पूर्ण प्राणियों का बीज मैं ही हूं। मेरे प्रभाव से सारी सृष्टि चल रही है। जीवन, मृत्यु, सत असत्य सब कुछ मैं ही हूं। सूर्य का तेज, चंद्रमा और अग्नि का तेज भी मैं ही हूं।

भगवान कृष्ण के वाक्य स्पष्ट करते हैं कि संपूर्ण जगत, ब्रह्माण्ड, सृष्टि ईश्वराधीन है। इस सृष्टि की अधिष्ठात्री देवी स्वयं दुर्गा हैं। भारतीय सनातन संस्कृति का मूल यह प्रमाणित करता है कि हमारे सभी देवी देवता मूलरूप से एक ही हैं।उन्हीं महामाया भगवती दुर्गा की उपासना के लिए बासंती (चैत्र) नवरात्रियों की व्यवस्था भी धर्मज्ञों द्वारा ज्योतिषीय महत्व के अनुसार ही की गई है। इन दिनों में नव ग्रहों के दुष्प्रभाव से बचने के लिए दुर्गा के नौ रूपों का विधान है। अतः जन्म कुंडली के ग्रहों की शांति हेतु नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की श्रद्धापूर्वक उपासना नौ ग्रहों के क्रूर प्रभाव को शांत करती है और शुभ प्रभाव को बढ़ाकर मनुष्य को तेजोमय करती है।

यह मान्यता है कि ज्योतिष में बताए गए अन्य उपायों से जब कार्य सिद्धि नहीं होती तब चैत्र की नवरात्रि में की उपासना सिद्धि प्रदान करती है और मनुष्य को विभिन्न समस्याओं से मुक्ति दिलाती है। चैत्र में होने वाली नवरात्रि ही चैत्र की नवरात्रि या बासंति कहलाती है। आध्यात्मिक जगत में भगवती की उपासना की विभिन्न पद्धतियां प्रचलित हैं। भगवती दुर्गा की आराधना के लिए मार्कण्डेय पुराण में विषेष आख्यान मिलता है, जोकि साधकों के लिए 'दुर्गा सप्तशती' के रूप में प्रसिद्ध है। इसके पाठ से अभिलषित कामना की सिद्धि को प्राप्त होते हैं। साथ ही निष्काम भक्त मोक्ष प्राप्त करते हैं।

राजासुरथ एवं समाधि नाम के वैश्य की कथा के माध्यम से प्रस्तुत दुर्गा सप्तशती में मेधा ऋषि राजा सुरथ से कहते हैं- महाराज! भगवती की शरण में जाओ। उसकी आराधना से ही मनुष्यों को भोग, स्वर्ग एवं मोक्ष प्रदान करती है। राजा सुरथ एवं समाधि नामक वैश्य को भगवती की आराधना से निस्संदेह काम्य फल की प्राप्ति हुई। दुर्गा सप्तशती के बारहवें अध्याय में विभिन्न श्लोकों के माध्यम से यह बात स्पष्ट होती है कि भगवती कृपा अवश्य करती हैं।

विभिन्न श्लोकों द्वारा भगवती का यह संकल्प पठनीय है।

मां कहती हैं-हे देवताओं! जो एकाग्रचित होकर प्रतिदिन इन स्तुतियों से मेरा ध्यान करेगा, उसकी सारी बाधा मैं निश्चय ही दूर कर दूंगी। मेरा माहात्म्य महामारी जनित समस्त उपद्रवों तथा आध्यात्मिक आदि तीनों प्रकार के उत्पातों को शांत करने वाला है। चैत्र में जो वार्षिकी महापूजा की जाती है, उस अवसर पर जो मेरे इस माहात्म्य को भक्तिपूर्वक सुनेगा, वह मनुष्य मेरे प्रसाद से सब बाधाओं से मुक्त तथा धन-धान्य एवं पुत्र से संपन्न होगा, इसमें किंचित मात्र संदेह नहीं है।

शक्ति अर्जन की अमृतबेला

पूनम नेगी

ऋतु परिवर्तन की अवधि (चैत्र व आश्विन) में पड़ने वाले वासंतिक तथा शारदीय नवरात्र को अध्यात्म के क्षेत्र में मुहर्त विशेष की मान्यता प्राप्त है। इस अवधि में जगतजननी भगवती दुर्गा के नौ स्वरूपों (शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्माण्डा, स्कन्दमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी एवं सिद्धिदात्री) की अभ्यर्थना पुरुषार्थ साधिका देवी के रूप में की जाती है। पुराणों में से एक मार्कण्डेय पुराण के 'दुर्गा सप्तशती' अंश में भगवती दुर्गा को परम शक्ति के रूप में निरूपित किया गया है।

कथा कहती है कि देवासुर संग्राम में पराजित देवताओं ने दुरात्मा महिषासुर के अत्याचारों से मुक्ति हेतु त्रिदेवों की स्तुति की तब त्रिदेवों के शरीर से निकला तेजपुंज एक तेजस्वी नारी के रूप में परिवर्तित हो गया। फिर समस्त देवगणों ने उस तेजस्वी महाशक्ति को अपने-अपने अमोघ अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित किया। इस तरह, भगवती दुर्गा को असुरों से युद्ध के लिए सज्ज किया। कथा कहती है कि इन दिव्यास्त्रों को धारण कर महाशक्ति दुर्गा ने पाश्विक प्रवृत्तियों के प्रतीक महिषासुर व उसके असुर सेनानियों का वध कर धरती पर देवत्व का साम्राज्य स्थापित किया।

पं. श्रीरामशर्मा आचार्य ने दुर्गा 'सप्तशती' में वर्णित मां जगदंबा के उपरोक्त महात्म्य की युगानुकूल व्याख्या करते हुए लिखा है दुर्गा का शाब्दिक अर्थ है दुर्ग यानी किला। अर्थात उनके दुर्ग की छत्रछाया सारे दुख-दुर्गुण, कष्ट-पीड़ा सभी दूर कर देती है। मगर मां दुर्गा के दुर्ग में प्रवेश कर पाना सबके लिए संभव नहीं; उसमें निष्कपट व निश्छल मनुष्य को ही प्रवेश मिल सकता है। मां दुर्गा दुर्गतिनाशिनी कही जाती हैं। उन्होंने अनेक असुरों को मारकर प्रतीकात्मक रूप से यह संदेश दिया कि महिषासुर, धूम्र लोचन, चंड-मुंड, शुंभ-निशुम्भ, मधु-कैटभ आदि असुर हमारे भीतर स्थित आलस, लालच और घमंड जैसी दुष्प्रवृत्तियों के प्रतीक हैं, जो हमें पतन की ओर ले जाने का प्रयास करते हैं। मां आद्यशक्ति के इस कथाप्रसंग में श्री विष्णु के कान के मैल से मधु व कैटभ दैत्यों की उत्पत्ति बताई गई है। मधु व कैटभ वध का प्रतीकार्थ यह है कि व्यक्ति भले ही कितना बलशाली हो जाए लेकिन कामसक्त होने पर दुर्गति को ही प्राप्त होता है। दुर्गति नाशिनी दुर्गा समस्त दुखों का नाश करने वाली हैं। इस कथा से प्रेरणा लेकर जो साधक नवरात्र काल में भगवती दुर्गा के नौ रूपों की आराधना करते हैं वे कर्म अभिमान से मुक्त रहते हैं।

प्रस्तुत चैत्र नवरात्र काल इस कारण और भी विशिष्ट है क्योंकि इसके साथ हमारे भारतीय नववर्ष का भी शुभारम्भ होता है। हिंदू धर्म में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को स्वयंसिद्ध अमृत तिथि माना गया है। यानी वर्षभर का सबसे उत्तम दिन।

हमारे तत्वदर्शी मनीषियों ने प्रतिपादित किया था कि आत्मिक प्रगति के लिए वैसे तो किसी अवसर विशेष की बाध्यता नहीं होती लेकिन नवरात्र बेला में किए गए उपचार संकल्प बल के सहारे शीघ्र गति पाते तथा साधक का वर्चस्व बढ़ाते हैं। कारण कि सूक्ष्म जगत के दिव्य प्रवाह भी इन दिनों तेजी से उभरते व मानवी चेतना को प्रभावित करते हैं। इसी कारण इस समय देव प्रकृति की आत्माएं किसी अदृश्य प्रेरणा से प्रेरित होकर आत्मकल्याण व लोकमंगल के क्रिया-कलापों में अनायास ही रस लेने लगती हैं। वर्तमान समय में जिस तरह व्यक्ति की जीवन के प्रति आस्थाएं गड़बडाती जा रही हैं।

चैत्र
नवरात्र काल इस कारण और भी विशिष्ट है क्योंकि इसके साथ हमारे भारतीय नववर्ष का भी शुभारम्भ होता है। हिंदू धर्म में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को स्वयंसिद्ध अमृत तिथि माना गया है। यानी वर्षभर का सबसे उत्तम दिन।

अचिन्त्य चिंतन से उत्पन्न तनाव विस्फोटक होता जा रहा है। सच्ची प्रसन्नता व प्रफुल्लता कहीं-कहीं अपवाद स्वरूप दृष्टिगोचर होती है। सभी को अभाव की शिकायत है। चाहे धन का अभाव हो, चाहे शारीरिक सामर्थ्य का और चाहे मानसिक शक्ति व संतुलन का। प्रत्येक भावनाशील युग की इन भयावह समस्याओं से मुक्ति चाहता है। कैसे मिलेगी मुक्ति? निसंदेह शक्ति के अवलम्बन से।

मगर इसे विडम्बना ही कहा जाएगा कि आज के आपाधापी और तेजी से दौड़ते समय में आम आदमी के पास न तो सुदृढ़ मनोबल है और न ही कड़ी तपश्चर्या का समय; लेकिन यदि नौ दिनों के इस विशिष्ट नवरात्र काल में जब वातावरण में परोक्ष रूप से दैवीय शक्तियों के अप्रत्याशित अनुदान बरसते हैं, छोटी सी अनुष्ठानिक साधना की जा सके तो चमत्कारी परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

पूजन-परंपरा

शक्ति पूजा की देवभूमि

सुनील दत्त पांडेय

देवी भक्ति

चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की संक्रांति से शुरू हुआ फूलदेई का पूजन देवभूमि उत्तराखंड में विशेष महत्व रखता है। इस दिन कन्याएं अपने मायके आकर घर की देहली की पूजा करती हैं और मायके में माता और बड़े भाई का आशीर्वाद प्राप्त करती हैं।

चैत्र कृष्ण पक्ष की सक्रांति से पारंपरिक पर्व भिटोणे की शुरुआत होती है जो कृष्ण पक्ष की चतुदर्शी को समाप्त होती है। इस पारंपरिक पर्व में लड़कियां अपने मायके आती हैं और अपने भाई के लिए देसी घी, दही सूजी और चीनी को मिलाकर बनाए गए सया के प्रसाद का भोग चढ़ाती हैं और भाई इसके बदले में आशीर्वाद स्वरूप बहन को टीका लगाते हैं और उपहार देते हैं। इस तरह चैत्र मास का कृष्ण पक्ष भाई बहन के पवित्र बंधन का पक्ष माना जाता है। बहन और भाई एक दूसरे के लिए मंगल कामना करते हैं।

चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नव संवत्सर और चैत्र नवरात्र का शुभारंभ होता है। चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र का समापन चैत्र शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को चंडी देवी के पूजन के साथ समाप्त होता है और हरिद्वार में गंगा के तट पर स्थित नील पर्वत स्थित में चंडी देवी के मंदिर में चंडी

चौदस का मेला लगता है। शुक्ल पक्ष की नवमी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्मदिन रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन अयोध्या में भगवान श्री राम दशरथ जी के बड़े पुत्र के रूप में भगवान विष्णु के अवतार के रूप में अवतरित हुए थे। शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि देवी के पूजन के लिए विशेष महत्त्वपूर्ण मानी जाती है

हरिद्वार कनखल शिव की ससुराल माना जाता है और यही स्थान शिव की पहली पत्नी सती का जन्म स्थल है और सती ने अपने पति भगवान शिव का अपने पिता राजा दक्ष द्वारा अपमान होने पर उनके यज्ञ कुंड में कूदकर आत्मदाह कर लिया था। कनखल में सती कुंड में सती ने आत्मदाह किया था इसलिए कनखल सती कुंड शक्तिपीठों की उद्गम स्थली माना जाता है और इसे सर्वांग शक्ति पीठ कहा गया है हरिद्वार में सती की नाभि जिस स्थल पर गिरी थी वहां पर माया देवी सिद्ध शक्ति पीठ की स्थापना हुई और हरिद्वार को मायापुरी के नाम से भी जाना जाता है। देश के विभिन्न भागों में स्थापित अयोध्या,मथुरा, काशी, कांची, अवंतिका, द्वारका और मायापुरी हैं। इन सात पुरियों को मोक्षदा पुरी भी कहते हैं जो मनुष्य को मोक्ष प्रदान करती हैं और सात पुरियों में सबसे ज्यादा महत्त्व गंगा तट पर स्थित मायापुरी का है

मैदानी भाग हरिद्वार में गंगा तट पर मां मनसा देवी, शीतला माता, सुरेश्वरी देवी, चामुंडा देवी ,तारा देवी ,आदि शक्ति पीठ दक्षिण काली देवी, बाल कुमारी देवी, सिद्ध पीठ स्थापित है वही पर्वतीय क्षेत्रों में गढ़वाल मंडल में श्रीनगर में अलकनंदा नदी के तट पर धारी देवी सिद्ध पीठ ,रुद्रप्रयाग के पास कालीमठ, नरेंद्र नगर के पास 51 सिद्ध पीठ हो में से एक कुंजापुरी देवी सिद्ध पीठ, सुरकंडा देवी, ज्वालपा देवी,चंद्रबदनी माता देवी, कंस मर्दिनी ,विंध्यवासिनी देवी, कुमाऊं मंडल के पिथौरागढ़ में मुंसियारी के पास नंदा देवी, कोकिला देवी ,द्वाराहाट में द्रोणागिरी देवी ,टनकपुर में पूर्णागिरी देवी ,नैनीताल में नयना देवी, गंगोलीहाट में हाट काली देवी के मंदिर स्थापित है। चंपावत जिले में चंडिका मंदिर का विशेष महत्व माना गया है।

चैत्र महीने को मनाने का अनूठा तरीका

बीरबल शर्मा

इस 14 मार्च से चैत्र महीना शुरू हो चुका है और इस महीने और इस दौरान चलने वाले व्रत त्योहारों खास कर चैत्र नवरात्रि को लेकर हिमाचल प्रदेश के लोगों में खासा उत्साह रहता है। अन्य व्रत त्योहारों के अलावा 25 मार्च से शुरू होने वाले नवरात्रि के नौ दिन भी यहां खास आयोजन किए जाते हैं।

चैत्र महीने को लेकर देवभूमि हिमाचल में आम धारणा है कि इसका नाम सीधे-सीधे नहीं लिया जाता। परंपरा रही है कि इस महीने का नाम एक विशेष जाति के लोगों के मुंह से ही सबसे पहले सुनना शुभ माना जाता है। यही कारण है कि हिमाचल में यह परंपरा है कि चैत्र महीने में इस जाति के लोग जो अपने को गंधर्व गोत्र व शिव का भक्त मानते हैं और शिव द्वारा दिए आदेश का पालन करते हुए ही इस काम को करते आ रहे हैं।

यूं तो हिमाचल में ऐसे हजारों परिवार हैं मगर अभी लगभग 100 परिवार ही ऐसे हैं जो इस परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। चैत्र महीना शुरू होते ही ये लोग बुराह के पेड़ से बनी शहनाई और भेखली के पेड़ से बने ढोल जिस पर मरे हुए जानवर का चमड़ा चढ़ा होता है, के साथ अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर गांव-गांव जाकर मंगलोच्चारण करते हैं। ये लोग छींज गीत सुनाते हैं तथा लोग इसके बदले उन्हें वस्त्र, अनाज, धन के साथ साथ उनके माथे पर कुंगू का टीका लगाकार फूलों व

शक्ति पीठों में मेले

धूप से स्वागत करते हैं। मंडी के पुलघराट में इस परंपरा का निर्वहन कर रहे परिवार के 55 वर्षीय सदस्य बीरी सिंह ने बताया कि केवल मंगल कार्य यानी शुभ काम में ही वह शहनाई का वादन करते हुए मंगलगान करते हैं। लोग आज भी इस महीने में उनके मुख से छींज गीत सुन कर अपने को धन्य समझते हैं।

देवभूमि हिमाचल में उत्तरी भारत के प्रसिद्ध देव स्थल बाबा बालक नाथ दियोट सिद्ध जो हमीरपुर जिले में है, में पूरे चैत्र महीने में मेले लगते हैं जिसमें पंजाब के दोआबा व अन्य क्षेत्रों से लाखों लोग दर्शनों को आते हैं। अनूठी श्रद्धा का एक सैलाब उमड़ता है जो देखते ही बनता है। यह स्थान बाबा बालक नाथ का है जो इतिहास के अनुसार बिलासपुर जिले की शाहतलाई में 12 साल तक रह कर फिर वहां से मोर बन कर दियोट सिद्ध की एक गुफा में चले गए थे। लोग यहां अपने साथ बकरे के रूप में मन्नत लेकर आते हैं मगर यहां पर बकरे की बलि नहीं दी जाती बल्कि उसे पानी डालकर बाबा की स्वीकृति लेकर अर्पित कर दिया जाता है। इसी तरह से चैत्र मास में प्रदेश के शक्ति पीठों में भी मेले लगते हैं जो सप्ताह भर चलते हैं। इन नवरात्रों में रामनवमी मनाए जाने की परंपरा नहीं है।

इस बार यह चैत्र नवरात्रि 25 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक हैं। कांगड़ा जिले में महिलाएं इस महीने और नवरात्रों में रली पूजन करती हैं ताकि उनका पति व परिवार सुखी रहे। देवभूमि में इसे नए संवत की शुरुआत के तौर पर मनाया जाता है।

नरी सेमरी

प्राचीनतम सिद्धपीठ है मां कात्यायनी पीठ

पवन गौतम

भारत प्राचीन काल से ही पवित्र स्थानों, तीर्थों, सिद्धपीठों, मंदिरों एवं देवालयों से सुसज्जित एवं सुशोभित रहा है। इसी श्रृंखला के तहत वृंदावन में यमुना नदी के किनारे स्थित राधाबाग में अति प्राचीन सिद्धपीठ के रूप में मां कात्यायनी देवी विराजमान हैं।

पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान श्री कृष्ण की क्रीड़ा भूमि वृन्दावन में ही मां भगवती देवी के केश गिरे थे। आर्यशास्त्र, ब्रह्म वैवर्त पुराण एवं आद्या स्तोत्र आदि कई स्थानों पर इसका उल्लेख है। श्री कात्यायनी पीठ भारतवर्ष के अज्ञात 108 एवं ज्ञात 51 पीठों में से एक प्राचीन सिद्धपीठ है।

श्रीमद् भागवत में भगवती कात्यायनी के पूजन द्वारा भगवान श्री कृष्ण को प्राप्त करने के साधन का सुन्दर वर्णन प्राप्त होता है। यह व्रत पूरे मार्गशीर्ष के महीने में होता है। भगवान श्री कृष्ण को पाने की लालसा में ब्रजांगनाओं ने यहां श्री कात्यायनी देवी का पूजन किया था। आज लाखों श्रद्धालु सम्पूर्ण भारत वर्ष से यहां वर्षभर आते हैं। वर्ष 1923 के फरवरी माह में बनारस, बंगाल तथा भारत के विभिन्न सुविख्यात प्रतिष्ठित वैदिक याज्ञिक ब्राह्मणों द्वारा वैष्णवीय परंपरा से इस मंदिर की प्रतिष्ठा का कार्य पूर्ण कराया गया था। मां कात्यायनी के साथ-साथ पंचानन शिव, विष्णु, सूर्य तथा सिद्धिदाता श्री गणेश की मूर्तियो की भी इस मंदिर में प्रतिष्ठा की गई। यहां एक तरफ जहां साक्षात मां कात्यायनी अपनी अलौकिकता को लिए विराजमान है वहीं दूसरी ओर सिद्धिदाता श्री गणेश एवं अर्द्धनारीश्वर एक प्राण दो देह को धारण किए हुए विराजमान हैं। मंदिर के ही एक नियमित उपासक दीपक कृष्ण शास्त्री बताते हैं कि छठे नवरात्रि पर मां कात्यायनी शक्ति पीठ में श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा रहता है और इस दिन विशेष पूजा का प्रावधान भी रहता है।

वह स्थान जहां कृष्ण ने राधा को अपने नारायण रूप के दर्शन कराए

दिल्ली राजमार्ग पर मथुरा में छाता के निकट एक देवी पीठ है नरी सेमरी। इसे मथुरा व आगरा के निकटवर्ती क्षेत्रों में कुलदेवी माना जाता है। नरी सेमरी बृज रक्षिका माता का मंदिर है। मंदिर में तीन मूर्तियां हैं जो सफेद, काले व सांवले रंग की हैं। मथुरा गजेटियर व ग्रंथों में खोजने पर इसके संबंध में एक विशिष्ट कथा का पता चलता है। वस्तुतः नरी सेमरी शब्द नारी श्यामली या नर-श्यामली का अपभ्रंश रूप है जिसका अर्थ नर-नारायण से है। इसीलिए, यह स्थल नर-नारायण वन के नाम से भी जाना जाता है। ये मूर्तियां वास्तव में राधा, श्री कृष्ण व ललिता की हैं। काले कृष्ण, सांवली ललिता व गोरी राधा। माना जाता है कि यह वह स्थान है जहां पर भगवान श्री कृष्ण ने राधा को अपने नारायण रूप के दर्शन कराए थे।

इस संबंध में एक प्रचलित कथा के अनुसार एक बार राधा श्री कृष्ण से रूठकर इस वन में चली आईं। ललिता के कहने पर श्री कृष्ण मनाने के लिए सुन्दर सांवली वीणा-वादिनी स्त्री का रूप रखकर वीणा बजाते हुए यहां आए। राधा के पूछने पर अपने को श्यामली सखी बताकर उनके मनोरंजन के लिए मनोविनोद करते हुए साथ रहने लगे। कुछ समय पश्चात राधा ने उन्हें पहचान लिया परन्तु तब उनकी अप्रसन्नता समाप्त होकर वह प्रकृतिस्थ हो चुकी थीं। तब श्री कृष्ण ने उन्हें अपने नारायण रूप का ज्ञान कराया। इस प्रकार यह स्थान नारी श्यामली या नरी-श्यामली, नरी-सांवरी और कालान्तर में नरी सेमरी कहलाया।

एक दूसरी कथा यह भी है...

यहां देवी की स्थापना के संबंध में किंवदंती हैं कि आगरा के रावतपाड़ा निवासी सेठ धांधू भगत नगरकोट वाली देवी के बड़े भक्त थे। उनकी अनन्य भक्ति से मां उन पर विशेष प्रसन्न रहती थीं। एक दिन धांधू भगत ने नगरकोट वाली माता से अपने साथ आगरा चलने का अनुरोध किया था, जिसे मां ने स्वीकारा और कहा कि तुम अंतिम पड़ाव तक पहुंचने से पहले मुझे पीछे मुड़कर नहीं देखोगे। यदि ऐसा हुआ तो मैं वहीं पर स्थिर हो जाऊंगी। मां नगरकोट से चल पड़ी। काफी दूरी तक चलने के बाद ग्राम नरी सेमरी के निकट घने जंगलों में धांधू भगत को शंका हुई तो उसने पीछे मुड़कर देख लिया। तभी मां अपने दिए गए वचन के अनुसार वहीं घने जंगलों में स्थिर हो गई। तभी से यहां इस मां की पूजा की जाती रही है।

राहुल गांधी की ताजपोशी से पहले कई कांग्रेस महासचिवों का होगा पत्ता साफ

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 मार्च।

पहले हरियाणा में अशोक तंवर और उसके बाद मध्य प्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया की कांग्रेस से विदाई के बाद पार्टी में क्षत्रपों के बढ़ते दबदबे को कम करने के लिए कई कद्दावर नेताओं के पर कतरने की तैयारी शुरू हो गई है। अगले एक-दो महीने में कांग्रेस अध्यक्ष पद पर राहुल गांधी की दोबारा ताजपोशी से पहले पार्टी के कई महासचिवों की छुट्टी की जा सकती है। राज्यसभा चुनाव के बहाने पार्टी आला कमान पर दबाव बनाने का कुछ वरिष्ठ नेताओं का पैंतरा भी पार्टी आला कमान को नागवार गुजरा है।

राज्यसभा चुनाव के बहाने पार्टी आलाकमान पर दबाव बनाने का कुछ वरिष्ठ नेताओं का पैंतरा आलाकमान को नागवार गुजरा है।

सूत्रों का कहना है कि ठीक हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अशोक तंवर ने पार्टी छोड़ी और उसकी असली वजह यह थी कि सूबे के कद्दावर जाट नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के सामने तंवर टिक नहीं पाए। राहुल गांधी के करीबी माने जाने वाले तंवर की पार्टी आला कमान ने नहीं सुनी और आखिरकार उन्हें पार्टी को विदा कहना पड़ा। कहा जा रहा है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया के मामले में भी यही हुआ। मध्य प्रदेश के कई नेता जिनमें मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का नाम भी शामिल बताया जा रहा है, नहीं चाहते थे कि सिंधिया को मध्य प्रदेश से राज्यसभा भेजा जाए। बताते हैं कि पार्टी आला कमान पर दबाव यह था कि सिंधिया को मध्य प्रदेश के बदले छत्तीसगढ़ से राज्यसभा भेजा जाए। जाहिर तौर पर सिंधिया के लिए इस शर्त को स्वीकार करना अपने प्रदेश की सियासत में वहां के बाकी कांग्रेसी धुरंधरों के सामने नतमस्तक होने के बराबर था। शायद यही वजह रही कि उन्होंने कांग्रेस से अपना रास्ता अलग करने का फैसला किया।

हरियाणा से कुमारी सैलजा को दोबारा राज्यसभा भेजे जाने की चर्चा जोरों पर थी लेकिन प्रदेश विधानसभा में पार्टी विधायक दल के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने बेटे दीपेंद्र हुड्डा को उच्च सदन भेजने पर अड़ गए तो पार्टी नेतृत्व ने उनकी बात मान ली। कुमारी सैलजा ने इस फैसले को लेकर भले कुछ भी नहीं कहा हो लेकिन जाहिर तौर पर आला कमान का करीबी होना भी उनके काम नहीं आया।

सूत्रों ने कहा कि एक दिलचस्प बात यह है कि पार्टी छोड़ कर जाने वाले ज्यादातर वे नेता हैं जिनको पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के बेहद करीबियों में गिना जाता रहा। ये वे नेता हैं जिन्होंने राहुल गांधी के उस रुख का समर्थन किया था कि लोकसभा चुनाव की हार की जिम्मेदारी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को भी लेनी चाहिए और अपने पदों से इस्तीफा दे देना चाहिए। यह और बात है कि किसी वरिष्ठ नेता ने तो पद नहीं छोड़ा लेकिन पहले राहुल गांधी और उसके बाद उनके करीबी नेताओं के पार्टी छोड़ने की लाइन लगी है। ऐसे में अब जबकि अजय माकन, रणदीप सिंह सुरजेवाला, संजय निरुपम, अरुण यादव सरीखे नेता खुलकर राहुल गांधी के पार्टी अध्यक्ष का पद दोबारा संभालने का आह्वान कर रहे हैं तो पार्टी में यह चर्चा भी जोरों पर है कि लंबे समय से कुर्सियों पर चिपके नेताओं से कुर्सियां खाली कराई जाएं। ऐसे में कोई ताज्जुब नहीं कि कांग्रेस के अगले अधिवेशन से पहले एक बार फिर से युवाओं की टीम को आगे लाया जाए और वरिष्ठतम नेताओं को किनारे लगाया जाए।

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले श्रीलंकाई नागरिक को पांच साल की कैद

चेन्नई, 15 मार्च (भाषा)।

एनआइए की विशेष अदालत ने पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के इशारे पर भारत के रक्षा प्रतिष्ठानों की जासूसी करने के जुर्म में श्रीलंका के एक नागरिक को दोषी ठहराने के बाद पांच साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। एनआइए के एक प्रवक्ता ने यहां बताया कि अदालत ने अरुण सेल्वराजन को विभिन्न धाराओं के तहत लगे सभी आरोपों में दोषी करार दिया है।

अधिकारी ने कहा कि कोलंबो के पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात आमिर जुबेर सिद्दीकी के नेतृत्व में पाक खुफिया अधिकारियों के इशारों पर जासूसी करने को लेकर तमिलनाडु के तंजावुर के निवासी तमीम अंसारी को सितंबर 2012 में गिरफ्तार किया गया था। तमीम भारत में आतंकवादी हमलों की साजिश के तहत ऐसा कर रहा था। एजंसी ने कहा कि 17 सितंबर, 2012 को तमिलनाडु के त्रिची शहर के क्यू ब्रांच पुलिस स्टेशन में सरकारी गोपनीयता अधिनियम की धाराओं और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120 बी (आपराधिक षड्यंत्र) के तहत एक मामला दर्ज किया गया था।

राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) ने इस संबंध में एक मई, 2013 को फिर से मामला दर्ज करते हुए जांच का जिम्मा संभाला था।

'थोक में कॉल डेटा आंकड़े जुटाए जाने' पर जताई चिंता

नई दिल्ली, 15 मार्च (भाषा)।

दूरसंचार विभाग की कुछ इकाइयां कई सर्किलों में नियमित रूप से थोक में लोगों के कॉल के आंकड़े जुटा रही हैं, जिसको लेकर दूरसंचार कंपनियों ने चिंता जताई है। इन कंपनियों का कहना है कि यह सरकार द्वारा तय मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) का उल्लंघन है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

दूरसंचार कंपनियों ने बताया मानकों का उल्लंघन

सूत्रों ने बताया कि उद्योग की कंपनियों ने इस तरह के व्यवहार पर चिंता जताते हुए दूरसंचार सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने दावा किया कि दूरसंचार विभाग की दिल्ली इकाई ने दो, तीन और चार फरवरी, 2020 के दौरान पूरे राज्य का कॉल डाटा रिकॉर्ड (सीडीआर) मांगा है। इसके अलावा विशेष रूप से उन रूट के कॉल के आंकड़े मांगे हैं जिन मार्गों पर मंत्रियों, सांसदों, न्यायाधीशों के निवास और महत्वपूर्ण कार्यालय हैं। इसके बाद दूरसंचार कंपनियों ने दूरसंचार सचिव अंशु प्रकाश को पत्र लिखकर इस पर अपनी चिंता जताई है। इसकी जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा, 'दूरसंचार उद्योग की कंपनियों ने दूरसंचार सचिव को पत्र लिखकर कहा है कि विशेष मार्गों और क्षेत्रों के लिए सीडीआर मांगा गया है। इससे कथित रूप से निगरानी का मामला बन सकता है विशेषरूप से यह देखते हुए कि दिल्ली में कई वीवीआइपी क्षेत्र हैं जिनमें मंत्रियों, सांसदों और न्यायाधीशों के कार्यालय और आवास हैं।' इस बारे में दूरसंचार विभाग को भेजे गए ई-मेल का जवाब नहीं मिला। सूत्र ने बताया कि दूरसंचार विभाग पहले ही अगस्त, 2016 और अप्रैल, 2019 में विधि प्रवर्तन एजेंसियों को सीडीआर उपलब्ध कराने के बारे में विस्तृत निर्देश और मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी कर चुका है। एसओपी के तहत दूरसंचार विभाग और उसकी फील्ड इकाइयों को ग्राहक की पहचान, सीडीआर मांग की जरूरत की समीक्षा, सीडीआर के उद्देश्य और प्राप्त सीडीआर का इस्तेमाल किसी अन्य उद्देश्य से नहीं करने, इस तरह की सूचना मांगने वाले अधिकृत अधिकारी को परिभाषित करने और आग्रह को मंजूरी देने का काम करना होता है। पत्र में कहा गया है कि दूरसंचार विभाग के विभिन्न लाइसेंस सेवा क्षेत्र तय प्रक्रिया का अनुपालन नहीं कर रहे हैं और दूरसंचार विभाग से नियमित आधार पर सीडीआर में बड़ा आंकड़ा मांग रहे हैं जो एसओपी का उल्लंघन है।

उज्ह नदी का पानी पाकिस्तान जाने से रोकने की कवायद

पेज 1 का बाकी

मदद दी जा रही है। यह मदद मुख्यतः परियोजना के सिंचाई संबंधी हिस्से के लिए होगी। परियोजना के लिए विशेष मदद पर भी विचार किया जा रहा है। जल शक्ति मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिंधु नदी प्रणाली में प्रमुख रूप से सिंधु, झेलम, चेनाब, रावी, व्यास और सतलुज नदियां शामिल हैं। भारत और पाकिस्तान में इन्हीं नदियों के बहाव वाला क्षेत्र (बेसिन) आता है जिसका एक बहुत छोटा हिस्सा चीन और अफगानिस्तान में भी है।

भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में हुई सिंधु नदी जल संधि के तहत इस नदी की सहायक नदियों को पूर्वी और पश्चिमी नदियों में वर्गीकृत किया गया। इस वर्गीकरण के तहत सतलुज, व्यास और रावी पूर्वी नदियां और झेलम, चेनाब व सिंधु पश्चिमी नदियां हैं। समझौते के मुताबिक, कुछ अपवाद छोड़ कर भारत पूर्वी नदियों का पानी बिना रोकटोक के इस्तेमाल कर सकता है।

युवकों का सहारा ले रहे आतंकी : अधिकारी

पेज 1 का बाकी

को गिरफ्तार किया गया था, जिन्होंने पूछताछ के दौरान अधिकारियों को जानकारी दी कि जैश ए मोहम्मद जैसे आतंकवादी संगठन किस तरह से लोगों को कट्टर बना रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि वजीर पर ऑनलाइन अल्यूमिनियम पाउडर, ऊंचाई वाले इलाकों में इस्तेमाल किये जाने वाले जैकेट, मोबाइल बैटरी बैंक, पर्वतारोहण वाले जूते ऑनलाइन खरीदने के आरोप हैं। अधिकारियों ने बताया कि अल्युमिनियम पाउडर काफी ज्वलनशील होता है और व्यावसायिक खनन में इसका इस्तेमाल विस्फोटक के तौर पर किया जाता है। पहले इसका इस्तेमाल कैमरे का फ्लैश तैयार करने में होता था। वजीर ने अल्युमिनियम पाउडर को जैश ए मोहम्मद के आतंकवादियों को सौंपा जिन्होंने इसका इस्तेमाल 14 फरवरी के आत्मघाती हमले में किया, जब विस्फोटकों से भरी कार ने सीआरपीएफ के काफिले पर हमला किया जिसमें 40 जवान शहीद हो गए। उससे पूछताछ में यह भी पता चला कि जैश ए मोहम्मद के आतंकवादी किस तरह से युवकों का 'ब्रेनवाश' कर रहे हैं और उन्हें आतंकवादी गतिविधियों में शामिल करने के लिए तैयार कर रहे हैं। सभी षड्यंत्रकारियों के मारे जाने के बाद मामला लगभग रुक गया था तभी एनआइए को आतंकवादी आदिल अहमद डार के मकान के बारे में जानकारी मिली।

प्रधानमंत्री मोदी ने दक्षेस में रखा कोरोना आपात कोष का सुझाव

पेज 1 का बाकी

के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दक्षेस देश उन सर्वश्रेष्ठ पहलों को अपना सकते हैं।

बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दक्षेस देशों के नेताओं और प्रतिनिधियों के साथ चर्चा के दौरान आपसी सहयोग पर जोर देते हुए कहा- हमने विषाणु के संभावित वाहक की बेहतर ढंग से पहचान करने के लिए रोग निगरानी पोर्टल बनाया है। दक्षेस देशों के साथ रोग निगरानी साफ्टवेयर साझा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में हम डाक्टरों, विशेषज्ञों के त्वरित प्रतिक्रिया दल और जांच संबंधी किट को जोड़ रहे हैं, वे तैनाती के लिए तैयार रहेंगे। उधर, श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने कोरोना विषाणु से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए दक्षेस मंत्रिस्तरीय समूह के गठन का प्रस्ताव किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- दक्षेस क्षेत्र में कोरोना विषाणु से संक्रमण के लगभग 150 मामले आए हैं, लेकिन हमें सतर्क रहने की जरूरत है। तैयार रहें लेकिन घबराएं नहीं, यही हमारा मंत्र है। उन्होंने दक्षेस देशों के नेताओं से कहा कि हमने कोरोना विषाणु के फैलने के मद्देनजर मध्य जनवरी से ही भारत में प्रवेश करने वाले लोगों की जांच का काम शुरू किया था और धीरे-धीरे यात्रा पाबंदी को बढ़ाया। एक-एक करके उठाए गए हमारे कदमों से अफरा-तफरी से बचने में मदद मिली, संवेदनशील समूहों तक पहुंचने के लिए विशेष कदम उठाए। भारत ने विदेशों में अपने लोगों की आवाज पर प्रतिक्रिया दी और विभिन्न देशों से करीब 1400 लोगों को बाहर निकाला। मोदी ने कहा कि भारत ने कोरोना विषाणु प्रभावित देशों से अपने पड़ोसी देशों के कुछ नागरिकों को भी बाहर निकालने में मदद की। मोदी ने दो दिन पहले कोरोना विषाणु से निपटने के लिए दक्षेस देशों को संयुक्त रणनीति बनाने का सुझाव देते हुए कहा था कि दक्षेस देश उदाहरण पेश करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद में मोदी के अलावा श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे, मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह, नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य मामलों पर विशेष सहायक जफर मिर्जा शामिल हुए। श्रीलंकाई राष्ट्रपति राजपक्षे ने कहा कि दक्षेस नेताओं को कोरोना विषाणु के कारण उत्पन्न समस्याओं का सामना करने के उद्देश्य से हमारी अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक तंत्र बनाना चाहिए। कोरोना विषाणु से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए मैं दक्षेस मंत्रिस्तरीय समूह के गठन का प्रस्ताव करता हूं। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा कि दक्षेस देश कोविड-19 से जुड़े विशेष मुद्दों पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए चर्चा कर सकते हैं। उन्होंने विशेषज्ञों एवं अधिकारियों के बीच सतत संवाद का सुझाव दिया। अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने प्रधानमंत्री मोदी के सुझाव का स्वागत करते हुए टेली-मेडिसिन का एक साझा नेटवर्क बनाने का प्रस्ताव दिया। मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम सोलिह ने खतरे से निपटने के लिए समन्वित पहल पर जोर देते हुए कहा कि कोई भी देश इस हालात से अकेले नहीं निपट सकता। सोलिह ने चुनौती से निपटने के वास्ते क्षेत्रीय पहल करने और आपात कोष स्थापित करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुझाव का स्वागत किया। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने दक्षेस देशों के बीच सामूहिक प्रयास की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि हमारा सामूहिक प्रयास कोरोना विषाणु से निपटने में दक्षेस क्षेत्र में ठोस रणनीति तैयार करने में मदद करेगा। भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग ने कहा कि कोरोना विषाणु से निपटने के लिए हम सभी एकसाथ आएं।

बंदियों की रिहाई के लिए सभी दल साथ आएं : फारूक

पेज 1 का बाकी

था। बाद में 15 सितंबर को उन पर जन सुरक्षा कानून की धाराएं लगा दी गईं और उनकी हिरासत अवधि 13 दिसंबर और 11 मार्च तक बढ़ा दी गई। उन्होंने कहा कि इससे पहले कि राजनीति हमें विभाजित करे, मैं राज्य के सभी दलों के नेताओं से अपील करता हूं कि केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर के बाहर जेलों में रखे गए सभी लोगों को वापस लाने के लिए एकजुट होकर आह्वान करें। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री, 82 वर्षीय अब्दुल्ला ने कहा कि हम उन सभी को जल्द से जल्द रिहा देखना चाहते हैं, उन सभी को जम्मू-कश्मीर स्थानांतरित किया जाना चाहिए। यह एक मानवीय मांग है और मुझे आशा है कि अन्य लोग इस मांग को भारत सरकार के सामने रखने में मेरा साथ देंगे।

अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर में पिछले साल 5 अगस्त से देखे गए महत्त्वपूर्ण बदलावों के मद्देनजर राजनीतिक विचारों के 'स्वतंत्र और स्पष्ट आदान-प्रदान' की वकालत की थी। हालांकि हम अब भी ऐसे माहौल से दूर हैं, जहां इस तरह का राजनीतिक संवाद संभव होगा। खासतौर पर ऐसे लोगों की संख्या को ध्यान में रखते हुए जो कि पिछले साल अगस्त में हिरासत में लेने के बाद जम्मू-कश्मीर के बाहर की जेलों में रखे गए। उन्होंने कहा कि मुझे घर में नजरबंद किया गया था और मेरा परिवार मुझसे मिल सकता था।

करतारपुर साहिब की यात्रा रोकी गई

पेज 1 का बाकी

गया है। पंजाब के गुरदारसपुर में एकीकृत जांच चौकी पर तैनात एक अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ के अफसर श्रद्धालुओं के आने-जाने पर रोक लगाने की जानकारी देने के लिए पाकिस्तानी रेंजर्स के साथ बैठक करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि जिन श्रद्धालुओं ने यात्रा के लिए पंजीकरण कराया है, उन्हें इस बारे में जानकारी दी जाएगी। इससे पहले, शनिवार को सरकार ने नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और म्यांमा की सीमाओं से लगे ज्यादातर जमीनी रास्तों को भी 15 मार्च की मध्य रात्रि से बंद कर दिया है। हालांकि, कुछ रास्ते लोगों के आवागमन के लिए खुले रहेंगे। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि कोरोना वायरस के खतरे के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल नवंबर में पंजाब के डेरा नानक साहिब को पाकिस्तान के करतारपुर साहिब गुरुद्वारे से जोड़ने वाले इस गलियारे का उद्घाटन किया था।

मध्य प्रदेश : आज तय होगी कमल की किस्मत

पेज 1 का बाकी

उठाकर कराने की मांग की है क्योंकि विधानसभा का इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम कार्य नहीं कर रहा है। रविवार के पत्र में टंडन ने नए निर्देश जारी किए कि विश्वास मत पर मतदान केवल हाथ उठाने के माध्यम से किया जाना चाहिए और कोई अन्य विधि से नहीं।

मुख्यमंत्री ने कमलनाथ ने रविवार को मंत्रिमंडल की बैठक में राज्यपाल द्वारा शनिवार देर रात को मुख्यमंत्री को लिखी गई चिट्ठी पर विचार किया। इस घटनाक्रम के बाद कांग्रेस के विधायक रविवार सुबह जयपुर से लौट कर भोपाल पहुंच गए। इसके लिए भोपाल हवाईअड्डे पर धारा 144 लगा दी गई थी और उनके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हरियाणा के गुरुग्राम के एक होटल में रह रहे भाजपा विधायकों के रविवार रात या सोमवार सुबह भोपाल पहुंचने की संभावना है। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया भी सोमवार सुबह भोपाल पहुंचेंगे।

सूत्रों ने बताया कि सिंधिया भोपाल आने के बाद अपने समर्थक विधायकों से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस के 22 बागी विधायक विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा भेज चुके हैं। विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति ने इनमें से छह विधायकों के त्यागपत्र शनिवार शाम को स्वीकार कर लिए जबकि 16 विधायकों के इस्तीफे पर फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया है।

बंगलुरु में ठहरे सिंधिया खेमे के इन 16 बागी विधायकों ने रविवार को विधानसभा अध्यक्ष को फिर से इस्तीफे भेजे। इसमें कहा गया है कि जिस प्रकार शनिवार को इनके छह विधायक साथियों के इस्तीफे मंजूर किए गए हैं, उसी प्रकार ये इस्तीफे भी मंजूर किए जाएं। विधानसभा अध्यक्ष को बेजे गए इन सभी इस्तीफों की भाषा एक जैसी है।

भाजपा ने अपने विधायकों को व्हिप जारी कर दिया है। उधर, कांग्रेस ने दावा किया है कि विश्वास मत में उसकी जीत तय है और भाजपा के छह-सात विधायक भी उसे समर्थन देंगे। वहीं, भाजपा ने कहा कि कांग्रेस सरकार बहुमत खो चुकी है और वह बहुमत साबित करने में सफल नहीं होगी।

मध्य प्रदेश के जनसंपर्क मंत्री पीसी शर्मा ने रविवार को कहा, सभी विधायक हमारे साथ हैं। सिर्फ छह विधायक कम हुए हैं। सरकार के पास बहुमत का आंकड़ा है। कांग्रेस के छह विधायकों के इस्तीफे स्वीकार करने के बाद भी 121 से ज्यादा विधायक हमें विश्वास प्रस्ताव पर मतदान में समर्थन करेंगे। भाजपा के छह-सात विधायक भी कमलनाथ को समर्थन देंगे। उन्होंने कहा कि सदन में बहुमत साबित करने के प्रति हम पूरी तरह आश्वस्त हैं। शर्मा ने कहा कि राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को विश्वासमत साबित करने के लिए सदन में 16 मार्च को राज्यपाल के अभिभाषण के तत्काल बाद विश्वास प्रस्ताव पर मतदान कराने के निर्देश दिए हैं, लेकिन सदन में कब, क्या होगा यह विधानसभा अध्यक्ष तय करेंगे। उन्होंने कहा कि जो कुछ भी सदन में होगा, उसका निर्णय विधानसभा अध्यक्ष लेंगे। उन्होंने दावा किया कि बंधक बनाए गए 'हमारे विधायकों पर तंत्र विद्या कर हिप्नोटाइज' किया जा रहा है।

उधर, मध्य प्रदेश विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक नरोत्तम मिश्रा ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा, कांग्रेस बहुमत खो चुकी है। राज्यपाल कह रहे हैं कि सरकार अल्पमत में है। यह मैं नहीं कह रहा हूं, राज्यपाल ने जो पत्र मुख्यमंत्री कमलनाथ को भेजा है, उसमें कहा गया है। शर्मा द्वारा कांग्रेस विधायकों को हिप्नोटाइज (सम्मोहित करना) कराए जाने पर पूछे गए सवाल के जवाब में मिश्रा ने कहा, इनके विधायक हिप्नोटाइज हो जाते हैं।

'गृह मंत्री ने दिया राजनीतिक बंदियों की रिहाई का भरोसा'

पेज 1 का बाकी

कि एक भी व्यक्ति की मौत नहीं हो, चाहे वह आम कश्मीरी हो या सुरक्षाकर्मी।'

बयान के अनुसार शाह ने प्रतिनिधिमंडल को यह भी आश्वासन दिया कि जम्मू कश्मीर के राज्य का दर्जा जल्द बहाल किया जाएगा और क्षेत्र की जनसांख्यिकी में बदलाव नहीं किया जाएगा।

गृह मंत्री ने विश्वास जताया कि अगले कुछ महीनों में जमीनी स्तर पर बदलाव दिखाई देंगे। उन्होंने यह आश्वासन भी दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार जम्मू कश्मीर के समग्र विकास के लिए सभी कदम उठाएगी।

बुखारी ने कहा कि शाह ने प्रतिनिधिमंडल को यह भी आश्वासन दिया कि जम्मू कश्मीर के राज्य का दर्जा जल्द बहाल किया जाएगा और क्षेत्र की जनसांख्यिकी में बदलाव नहीं किया जाएगा। बुखारी के नेतृत्व वाली अपनी पार्टी के 24 सदस्यीय एक प्रतिनिधिमंडल ने गृह मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों की मौजूदगी में शाह से विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी।

लगभग दो घंटे तक चली बैठक के बाद बुखारी ने संवाददाताओं से कहा कि शेष राजनीतिक बंदियों की रिहाई समेत कई मुद्दों पर गृह मंत्री से चर्चा हुई। बुखारी ने कहा, 'हां, हमने शेष राजनीतिक नेताओं और अन्य की हिरासत के बारे में चर्चा की और गृह मंत्री ने कहा कि यह एक प्रक्रिया है और हम उन्हें बहुत जल्द रिहा करेंगे।' पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य का विशेष दर्जा पिछले साल पांच अगस्त को समाप्त कर दिया गया था जिसके बाद सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्रियों उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती समेत कई नेताओं को हिरासत में ले लिया था।

दो घंटे की मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए लगभग 40 मुद्दों पर गृह मंत्री ने कहा कि सरकार का इस केंद्र शासित क्षेत्र में जनसांख्यिकी बदलाव का कोई इरादा नहीं है और इस तरह की बातों का कोई आधार नहीं है। प्रधानमंत्री ने भी प्रतिनिधिमंडल को इसी तरह का आश्वासन दिया था।

भारत-बांग्लादेश रेल सेवा स्थगित

पेज 1 का बाकी

ने बताया कि मैत्री एक्सप्रेस का परिचालन कोलकाता से बांग्लादेश की राजधानी ढाका के बीच होता है जबकि बंधन एक्सप्रेस कोलकाता को खुलना शहर से जोड़ती है। मंडल रेलवे के मुख्यालय कोलकाता ने भी सियालदह, हावड़ा और आसनसोल सहित विभिन्न डिविजनों में लोगों और रेलवे कर्मियों के बीच साफ-सफाई, बुखार, खांसी जुकाम होने पर पृथक रहने आदि की जागरूकता फैलाने का अभियान शुरू किया है।

अधिकारी ने बताया कि सियालदह स्थित मुख्यालय अस्पताल और हावड़ा, आसनसोल, मालदा डिवीजन अस्पतालों, लिलुआ स्थित रेलवे कार्यशाला अस्पताल, कंचनपाड़ा और अंडाल स्थित उप संभागीय अस्पताल में पृथक वार्ड स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि लोगों के संपर्क में सबसे अधिक आने वाले स्थानों जैसे रेल डिब्बों के प्रवेशद्वार पर लगे हैंडल, शौचालयों के दरवाजों को स्वच्छ बनाने का काम आसनसोल डिवीजन में किया जा रहा है।

लश्कर व हिज्बुल के चार आतंकी ढेर

पेज 1 का बाकी

चार आतंकवादी मारे गए।

प्रवक्ता ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों में लश्कर-ए-तैय्यबा के जिला कमांडर मुजफ्फर अहमद भट, उमर अमीन भट और सजाद अहमद भट शामिल है जबकि चौथे आतंकवादी की पहचान हिज्बुल मुजाहिदीन के गुलजार अहमद भट के रूप में की गई है।

कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या सौ पार

पेज 1 का बाकी

के महानिदेशक, एम्स के निदेशक, आरएमएल अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक आदि मौजूद थे। दिल्ली में कोरोना विषाणु के रविवार तक सात मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश में 11, कर्नाटक में छह, महाराष्ट्र में 31, लद्दाख में तीन और जम्मू-कश्मीर में दो लोग कोरोना विषाणु से संक्रमित हैं। इसके अलावा राजस्थान में कोरोना विषाणु के दो मामले सामने आए हैं। कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पंजाब में एक-एक व्यक्ति कोरोना विषाणु से संक्रमित है। केरल में कोरोना विषाणु के 22 मामले सामने आए हैं। इनमें वे तीन लोग भी शामिल हैं, जिन्हें पिछले महीने इलाज के बाद छुट्टी दी जा चुकी है। मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि कुल 107 संक्रमित लोगों में से 17 विदेशी हैं। इनमें 16 लोग इतालवी हैं। अधिकारियों ने कहा कि 107 संक्रमित लोगों के संपर्क में आए 4,000 से अधिक लोगों की पहचान की गई है और उनका पता लगाया जा रहा है, जबकि देश भर में 42,000 लोगों को सामुदायिक निगरानी में रखा गया है। वहीं उत्तराखंड में भी कोरोना संक्रमण के एक मामले का दावा किया गया।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक महाराष्ट्र के बुलढाणा में 71 वर्षीय बुजुर्ग की मौत कोरोना विषाणु के संक्रमण से नहीं हुई है। सऊदी अरब से लौटे इस व्यक्ति की मौत शनिवार को हुई थी। रविवार को आई रिपोर्ट में बुजुर्ग के नमूने कोरोना विषाणु से संक्रमित नहीं पाए गए हैं। बुजुर्ग का इलाज एक निजी अस्पताल में हो रहा था।

मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत में कोरोना विषाणु की जांच के लिए पर्याप्त संसाधन मौजूद हैं और फिलहाल रोजाना सिर्फ 10 फीसद संसाधन ही उपयोग में आ रहे हैं। मंत्रालय के मुताबिक कोरोना की दोनों जांच हर भारतीय के लिए मुफ्त हैं। इसके अलावा 80.56 लाख एन-95 मास्क खरीदने के लिए आर्डर की भी बात अधिकारियों ने कही है।

इटली व ईरान से स्वदेश लाए गए 450 से ज्यादा भारतीय

पेज 1 का बाकी

हवाईअड्डे पर सुबह करीब पौने दस बजे मिलान से कुल 218 भारतीय पहुंचे जिनमें अधिकतर छात्र थे। उन्हें दक्षिण पश्चिम दिल्ली के छावला में आइटीबीपी के पृथक केंद्र में ले जाया गया।

ईरान से 230 से अधिक भारतीय सुबह करीब सवा तीन बजे नई दिल्ली पहुंचे और उन्हें जैसलमेर के भारतीय सेना स्वास्थ्य केंद्र में पृथक इकाई में रखा गया। ईरान से निकाले गए भारतीयों का यह तीसरा जत्था है। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कहा कि ये सभी तेहरान से महान एअर के विमान से दिल्ली पहुंचे थे और उन्हें एअर इंडिया के दो विमानों से जैसलमेर ले जाया गया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि ईरान से कुल 234 भारतीयों को निकाला गया है। रक्षा विभाग के प्रवक्ता कर्नल संबित घोष ने कहा, 'एअर इंडिया के दो विमानों से रविवार सुबह 236 लोग जैसलमेर पहुंचे।' जयशंकर ने ट्वीट किया, 'ईरान में फंसे 234 भारतीय पहुंच चुके हैं। इसमें 131 छात्र और 103 जायरीन शामिल हैं। ईरान में राजदूत डी. गद्दाम और भारत की टीम, आपको इन प्रयासों के लिए धन्यवाद। ईरान के अधिकारियों को भी धन्यवाद।' कर्नल घोष ने कहा कि विदेशों से लौट रहे भारतीयों की देखभाल के लिए सैनिकों ने खुद से सेवा करने की इच्छा जताई है।

गुजरात के 24 विधायकों को जयपुर भेजा कांग्रेस ने

पेज 1 का बाकी

के चार विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र त्रिवेदी को अपने इस्तीफे सौंप दिए। त्रिवेदी ने रविवार को बताया कि वे सोमवार को विधानसभा में विधायकों के नामों की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के चार विधायकों ने शनिवार को मुझे अपने इस्तीफे सौंपे और मैं सोमवार को विधानसभा में उनके नामों की घोषणा करूंगा। इसके साथ 182 सदस्यीय गुजरात विधानसभा में कांग्रेस के विधायकों की संख्या 73 से कम होकर 69 हो गई है।

विधायकों को इस्तीफे के तुरंत बाद गुजरात कांग्रेस ने रविवार को अपने करीब दो दर्जन विधानसभा सदस्यों को जयपुर भेज दिया। करीब 20 विधायकों ने अमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरी जबकि चार विधायक सूरत हवाई अड्डे से रवाना हुए। शनिवार को कांग्रेस ने अपने एक दर्जन विधायकों को जयपुर के एक रिसॉर्ट में पहुंचा दिया था। कांग्रेस क्रॉस वोटिंग की किसी भी कोशिश को नाकाम करने के लिए कदम उठा रही है।

विधानसभा में संख्याबल के आधार पर भाजपा दो सीटें जीत सकती है और उसे तीसरी सीट जीतने के लिए कांग्रेस विधायकों के क्रॉस वोटिंग की जरूरत होगी क्योंकि इसके लिए 111 वोट की आवश्यकता होगी। गुजरात की 182 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के पास 103 सीटें हैं जबकि कांग्रेस के पास 73, भारतीय ट्राइबल पार्टी के पास दो और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पास एक सीट है। एक निर्दलीय विधायक भी हैं।

www.readwhere.com

कोरोना विषाणु से अब तक विश्व में छह हजार से अधिक मौतें

पेरिस, 15 मार्च (एएफपी)।

कोरोना विषाणु से स्पेन में हुई मौतों की संख्या बढ़ने के कारण वैश्विक स्तर पर इस विषाणु से संक्रमण के कारण हुई मौतों का आंकड़ा छह हजार के पार चला गया।

विभिन्न आधिकारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर एएफपी द्वारा की गई गणना से यह सूचना प्राप्त हुई। स्पेन में पिछले 24 घंटे में 105 लोगों की मौत के बाद विश्व में कोरोना विषाणु से मरने वालों की संख्या 6,036 हो गई है और 1,59,844 लोग इस विषाणु से संक्रमित हैं। चीन में अब तक सर्वाधिक 3,199 मौतें हो चुकी हैं और यह महामारी तेजी से यूरोप में फैल रही है जहां इटली में 1,907 लोग काल के गाल में समा चुके हैं। उधर पाकिस्तान के इस्लामाबाद में कोरोना विषाणु से संक्रमण के एक मामले की पुष्टि होने के साथ देश में कुल मामलों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है।

'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के मुताबिक नया मरीज उस महिला का पति है जिन्होंने हाल में अमेरिका की यात्रा की थी और शनिवार को उसके संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। अखबार के मुताबिक महिला की हालत गंभीर है और उसे पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमएस) के पृथक वार्ड में भर्ती किया गया है।

इसी तरह अल सल्वाडोर की कांग्रेस ने आपात स्थिति का ऐलान कर दिया और हालात से निपटने के लिए देश के संविधान को आंशिक रूप से निलंबित करने की मंजूरी दे दी है। देश में आपातकाल लागू होने के बाद 30 दिनों के लिए लोगों की स्वतंत्र रूप से आवाजाही और उनके जमा होने पर रोक रहेगी। इसके साथ ही स्वास्थ्य अधिकारियों को लोगों के जमा होने पर रोक लगाने के अधिकार होंगे।

सेशल्स में कोरोना वायरस के दो मामलों की पुष्टि हुई है और अब यह विषाणु अफ्रीका के 25 देशों में फैल चुका है।

113 और लोगों की मौत

तेहरान, 15 मार्च (एपी)।

ईरान में कोरोना विषाणु से एक ही दिन में 113 और लोगों की मौत हो गई। ईरान ने रविवार को इसकी घोषणा की। विषाणु संक्रमण से प्रभावित इस देश में एक ही दिन में इतनी अधिक मौत होने का यह पहला मामला है। इन मौतों के बाद ईरान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 724 हो गई। उधर इस्लाम में तीसरा सबसे मुकद्दस स्थान मस्जिद अल अक्सा को बंद कर दिया गया है। मस्जिद के निदेशक शेख उमर किसवानी ने कहा कि नमाज बाहर होगी और मस्जिद अनिश्चितकाल तक के लिए बंद कर दी गई है।

ट्रंप संक्रमित नहीं पाए गए, गोमेज संक्रमित

वाशिंगटन, 15 मार्च (एएफपी)।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कोरोना विषाणु की जांच में संक्रमित नहीं पाए गए हैं। वाइट हाउस के एक चिकित्सक ने यह जानकारी दी। ट्रंप की शुक्रवार रात को कोरोना विषाणु की जांच की गई थी। जांच के नतीजे 24 घंटे से कम समय में आ गए। उधर स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज की पत्नी बेगोना गोमेज भी कोविड-19 से संक्रमित पाई गई हैं। इंडोनेशिया के परिवहन मंत्री के कोरोना विषाणु से संक्रमित पाए जाने के बाद वह आईसीयू में भर्ती हैं।

संक्रमित मिला भारतीय

दुबई, 15 मार्च (भाषा)।

विदेश में छुट्टी मनाने के बाद संयुक्त अरब अमीरात लौटे एक भारतीय नागरिक के कोरोना विषाणु से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। देश में अभी तक कोविड-19 के 85 मामले सामने आए हैं। खलीज टाइम्स के अनुसार, स्वास्थ्य एवं रोकथाम मंत्रालय ने शनिवार को पुष्टि की कि भारतीय नागरिक संक्रमित पाया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, मरीज के संपर्क में आए सभी लोगों की जांच की गई। इस बीच, मंत्रालय ने शनिवार को कोविड-19 से एक भारतीय समेत तीन मरीजों के ठीक होने की घोषणा की।

अमेरिका की अलबामा प्रतिनिधि सभा ने योग से प्रतिबंध हटाया, नमस्ते से इनकार

वाशिंगटन, 15 मार्च (भाषा)।

अमेरिका की अलबामा प्रतिनिधि सभा ने महीनों तक गहन चर्चा के बाद योग से दशकों पुराना प्रतिबंध हटाने के पक्ष में मतदान किया है, लेकिन उसने ऐसे समय में नमस्ते पर रोक लगा दी है जब दुनिया भर के नेता कोरोना विषाणु के बढ़ते प्रकोप के बीच अभिवादन के इस तरीके को अपना रहे हैं।

योग से प्रतिबंध हटाया जाना भारत की सदियों पुरानी इस पद्धति की बढ़ती स्वीकृति और लोकप्रियता को दर्शाता है। अलबामा शिक्षा बोर्ड ने कट्टरपंथी समूहों के दबाव में आकर 1993 में राज्य के सार्वजनिक स्कूलों में योग के साथ-साथ सम्मोहन और ध्यान पर प्रतिबंध लगाने के पक्ष में मतदान किया था। डेमोक्रेटिक पार्टी से विधायक जेरेमी ग्रे द्वारा पेश किए गए योग विधेयक पर मंगलवार को मतदान हुआ, जिसके पक्ष में 84 और विरोध में 17 वोट पड़े। अब ये विधेयक राज्य के सीनेट को भेजा जाएगा और अगर वहां उसे मंजूरी मिलती है और गवर्नर के आईवे उसपर हस्ताक्षर कर देती हैं तो यह एक कानून बन जाएगा। इसके साथ ही के-12 स्कूलों में 27 साल से योग पर लगा प्रतिबंध हट जाएगा। विधेयक के अनुसार, प्रत्येक स्थानीय शिक्षा बोर्ड इस शर्त के साथ केजी से लेकर 12 तक के छात्रों के लिए योग का निर्देश दे सकता है कि यह एक वैकल्पिक गतिविधि होगी।

आइएस ने आतंकवादियों को यूरोप की यात्रा नहीं करने का निर्देश दिया

लंदन, 15 मार्च (भाषा)।

आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आइएसआइएस) ने अपने आतंकियों के लिए कोरोना विषाणु प्रभावित यूरोप से दूर रहने का एक यात्रा परामर्श जारी किया है।

'द संडे टाइम्स' के अनुसार आइएसआइएस के न्यूजलेटर 'अल नबा' के नवीनतम संस्करण में यूरोप की यात्रा नहीं करने की चेतावनी देते हुए इस संबंध में नए शरीयत निर्देशों का हवाला दिया गया है। यह आतंकवादी संगठन पूर्व में आतंकवादियों को यूरोप में आतंकवादी हमलों का षड्यंत्र रचने के लिए प्रोत्साहित करता रहा है। उसने कोरोना विषाणु से पीड़ित अपने आतंकवादियों को क्षेत्र नहीं छोड़ने के लिए भी कहा है जिससे इस बीमारी को फैलने से रोका जा सके। 'अल नबा' में कहा गया है कि जो स्वस्थ हैं कि उन्हें महामारी की जमीन में प्रवेश नहीं करना चाहिए और जो इस बीमारी से पीड़ित हैं उन्हें वहां से नहीं निकलना चाहिए। इसमें आतंकवादियों को निर्देश दिया गया है कि वे उबासी या छींकते समय अपने मुंह ढंक लें और अपने हाथ नियमित रूप से धोएं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार यूरोप इस समय महामारी का केंद्र है। इटली, फ्रांस और स्पेन ने सार्वजनिक रूप से एकत्रित होने पर रोक लगा दी है। कोरोना विषाणु से पूरी दुनिया में 5300 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

नेतन्याहू के मुकदमे की सुनवाई टली

यरुशलम, 15 मार्च (एपी)।

यरुशलम की एक जिला अदालत ने रविवार को ऐलान किया कि वह कोरोना विषाणु के कारण लगी पाबंदियों के चलते इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आपराधिक मुकदमे पर सुनवाई दो महीने तक के लिए टाल रही है।

नेतन्याहू को कई घोटालों के संबंध में धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत लेने के आरोप में मंगलवार को अदालत में पेश होना था। सरकार ने आपात स्वास्थ्य कदम उठाते हुए सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के एकत्र होने पर पाबंदी लगा दी। अदालत ने ऐलान किया कि वह 24 मई तक सुनवाई टाल रही है। नेतन्याहू पर अमीर दोस्तों से महंगे तोहफे लेने और बदले में उन्हें फायदा पहुंचाने का आरोप है। वह आरोपों से इनकार करते रहे हैं।

चिली ने दो क्रूज जहाज में सवार 1,300 लोगों को किया अलग

सेंटियागो, 15 मार्च (एएफपी)।

चिली ने दो क्रूज जहाजों पर सवार 1,300 से अधिक लोगों को पृथक कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि यह कदम जहाज पर सवार एक ब्रिटिश बुजुर्ग के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद उठाया गया है। उल्लेखनीय है कि दोनों जहाजों ने चिली के पैटागोनिया स्थित फ्जोरड्स में लंगर डाले हुए हैं।

मंत्रालय ने बताया कि राजधानी सेंटियागो से करीब 2,400 किलोमीटर दूर दक्षिणी बंदरगाह सेलेटा टॉटेल पर सिलवर एक्सप्लोरर जहाज से 85 वर्षीय व्यक्ति उतरा था और उसमें कोरोना वायरस से संक्रमण के लक्षण दिखे थे। इसके बाद उस व्यक्ति को कॉयहेक शहर के अस्पताल में ले जाकर जांच की गई और कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया।

स्वास्थ्य मंत्री जेम मनालीच ने बताया, जहाज को कास्त्रो बंदरगाह से दूर पृथक रखा गया है। ब्रिटिश नागरिक की सेहत ठीक है लेकिन वह कोरोना वायरस से संक्रमित है। अन्य जहाज अजमारा परसूट में 665 यात्री और करीब 400 चालक दल के सदस्य सवार हैं और हाल में उसने दक्षिण अर्जेंटिना के उशुआइया बंदरगाह से चिली के जल क्षेत्र में प्रवेश किया था। मनालीच ने बताया कि कोरोना वायरस की आशंका के चलते यात्रियों के उतरने पर रोक के बाद जहाज को चाकाबुको बंदरगाह के पास पृथक रखा गया है।

न्यूजीलैंड में क्रूज जहाज पर रोके गए यात्री

वेलिंगटन, 15 मार्च (एएफपी)।

कोरोना विषाणु के संदिग्ध लक्षण वाले यात्री के गोल्डन प्रिंसेस क्रूज जहाज पर सवार होने के कारण न्यूजीलैंड बंदरगाह पर रविवार को इस जहाज के यात्रियों को उतरने से रोक दिया गया।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बंदरगाह की जहाज सूची के मुताबिक, क्राइस्टचर्च के साउथ आइलैंड शहर के पास अकारोआ में लंगर डालने वाले जहाज पर 2600 यात्री और चालक दल के 1100 सदस्य सवार हैं।

Advertisement under Regulation 18 (7) in terms of SEBI (Substantial Acquisition of Shares and Takeovers) Regulations, 2011, as amended and Corrigendum to the Detailed Public Statement with respect to the open offer to the shareholders of

MAHAAN IMPEX LIMITED

Registered Office: BSafal House, Near Tej Motors, Behind Mirch Masala Restaurant, Off. S G Highway, Ahmedabad – 380059; **Tel:** +91 6351988376; **Email:** mahaanimpex@gmail.com; **Website:** www.mahaanimpex.com; **Corporate Identification Number (CIN):** L67120GJ1982PLC105654

Open Offer ("Offer") by Mr. Manishkumar Raichand Shah and Mr. Sameer Amit Shah (hereinafter referred to as "Acquirers"), to the public shareholders of Mahaan Impex Limited (hereinafter referred to as "the Target Company") under Regulation 3(1) and 4 of Securities and Exchange Board of India (Substantial Acquisition of Shares and Takeovers) Regulations, 2011, as amended (hereinafter referred to as "SEBI SAST Regulations, 2011")

This Advertisement and Corrigendum is being issued by Finshore Management Services Limited, on behalf of Mr. Manishkumar Raichand Shah and Mr. Sameer Amit Shah in respect of the open offer to acquire shares from the public shareholders of Mahaan Impex Limited (**"Offer Opening Public Announcement"**). The Detailed Public Statement with respect to the aforementioned offer was made on 29th November 2019 in Financial Express, English Daily (in all editions), Jansatta, Hind Daily (in all editions), Financial Express, Gujarati Daily (in Ahmedabad edition), Mumbai Lakshadeep, Marathi daily (in Mumbai edition) and in Arthik Lipi, Bengali daily (in Kolkata edition)

1. **Offer Price:**
   The Offer Price is Rs. 15.15 p per Equity Share. There has been no revision in the Offer Price.
2. **Recommendations of the committee of independent directors of the Target Company:**
   The committee of independent directors of the Target Company (**"IDC"**) published its recommendation on the Offer on 7th March, 2020 in the same newspapers where the DPS was published. Based on the review, IDC Members believe that the Offer is fair and reasonable and in line with the SEBI SAST Regulations, 2011.
3. The Offer is not a competing offer in terms of Regulation 20 of SEBI SAST Regulations, 2011. There was no competing offer to the Offer and the last date for making such competing offer has expired. The Offer is not conditional upon any minimum level of acceptance in terms of Regulation 19(1) of SEBI SAST Regulations, 2011.
4. **Despatch of Letter of Offer to the public shareholders.**
   The dispatch of the Letter of Offer("LoF") to all the Public Shareholders of the Target Company holding Equity Shares as on the Identified Date has been completed (either through electronic or physical mode) by 9th March 2020. The Identified Date was relevant only for the purpose of determining the Public Shareholders as on such date to whom the Letter of Offer was to be sent. It is clarified that all holders (registered or unregistered) of Equity Shares (except the Acquirers and parties to the SPA) are eligible to participate in the Offer any time during the Tendering Period. A copy of the Letter of Offer (which includes the Form of Acceptance-cum-Acknowledgment) is also available on SEBI's website (https://www.sebi.gov.in) and the Website of the Manager to the Offer (www.finshoregroup.com) from which the Public Shareholders can download/print the same.
5. **Instructions to the public shareholders**
   a) **In case the shares are held in physical form**
   As per the proviso to Regulation 40(1) of the LODR Regulations (notified by the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) (Fourth Amendment) Regulations, 2018) read with the press release dated December 3, 2018 and March 27, 2019 issued by SEBI, effective from April 1, 2019, requests for effecting transfer of securities of listed companies shall not be processed unless the securities are held in the dematerialized form with a Depository. Therefore, the Shareholders desirous of tendering their Equity Shares held in physical form can do so only after the shares are dematerialized and are advised to approach the concerned DP to have their Equity Shares dematerialized.
   b) **In case the shares are held in demat form**
   An eligible shareholder may participate in this Offer by approaching their Selling Broker and tender shares in the open offer as per the procedure as mentioned in the LoF along with other details.
   c) **Procedure for Tendering the Shares in case of Non-Receipt of the Letter of Offer:**
   i) Persons who have acquired Equity Shares but whose names do not appear in the register of members of the Target Company on the Identified Date, or unregistered owners or those who have acquired Equity Shares after the Identified Date, or those who have not received the Letter of Offer, may also participate in this Offer.
   ii) in case of non-receipt of the Letter of Offer, the Shareholders holding the Equity Shares may participate in the Offer by providing their application in plain paper in writing signed by all shareholder(s), stating name, address, number of Equity Shares held, client ID number, DP name, DP ID number, number of Equity Shares tendered and other relevant documents as mentioned in the Letter of Offer. Such Shareholders have to ensure that their order is entered in the electronic platform of BSE through the Selling broker which will be made available by BSE before the closure of the Tendering Period.
   d) **Tendering of Shares held under Lock-in**
   The Shares under lock in will be released by the Exchange (BSE Ltd) conditionally only during the Offer Period for the Public Shareholders whose shares are under lock-in, enabling them to tender their shares under Open Offer to the Acquirers. The Public Shareholders shall not transfer/sell their shares to third party(ies) other than to the Acquirers under the Open Offer during Tendering Period.
   Public Shareholders whose shares are under lock-in, have to send a copy of the Form of Acceptance cum Acknowledgement to the Manager to the Offer at the address mentioned on the cover page of the LoF, immediately on submitting the same to their respective selling brokers.
6. **Any other changes suggested by SEBI in their comments to be incorporated.**
   In terms of Regulation 16(1) of the Takeover Regulations, the draft Letter of Offer was submitted to SEBI on 5th December 2019 ("Draft Letter of Offer"). SEBI, vide its letter no. SEBI/HO/CFD/DCR1/OW/P/2020/07463/1 dated 26th February 2020, issued its comments on the Draft Letter of Offer. These comments and certain changes (occurring after the date of the Public Announcement) which may be material have been incorporated in the Letter of Offer.
7. **Any other material change from date of the Public Announcement**
   SEBI vide adjudication order no. Order/PM/aAB/2019-20/6114 has imposed a penalty of Rs.1,00,000/- on the Target Company under Section 15HB of the SEBI Act, 1992, for delay in obtaining SCORES authentication. There was a delay of around 18 months by the Target Company in obtaining SCORES authentication.
8. **Details regarding the status of the Statutory and other approvals**
   To the best of the knowledge of the Acquirers, there are no statutory approvals required by the Acquirers to acquire the equity shares tendered pursuant to this Offer. However, in case of any statutory approvals being required by the Acquirers at a later date before the closure of the tendering period, this Offer shall be subject to such approvals and the Acquirers shall make the necessary applications for such approvals. The Acquirers will not proceed with the Offer in the event such statutory approvals are refused in terms of Regulation 23 of the SEBI SAST Regulations, 2011.
9. **Schedule of Activities:**

The schedule of major activities under the Offer is set out below:

Nature of the Activity	Original Schedule Day and Date	Revised schedule of activities (Day and date)
Date of Public Announcement	Friday, 22nd November, 2019	Friday, 22nd November, 2019
Publication of Detailed Public Statement in newspapers	Friday, 29th November, 2019	Friday, 29th November, 2019
Filing of draft letter of offer with SEBI along with soft copies of Public Announcement and detailed Public Statement	Friday, 06th December, 2019	Thursday, 5th December, 2019
Last date for a competing offer*	Friday, 20th December, 2019	Friday, 20th December, 2019
Last date for receipt of comments from SEBI on the draft Letter of Offer (in the event SEBI has not sought clarification or additional information from the Manager to the Offer)	Monday, 30th December, 2019	Thursday, 27th February, 2020***
Identified Date**	Wednesday, 01st January, 2020	Monday, 2nd March, 2020
Last date for dispatch of the Letter of Offer to the public shareholders of the Target Company as on the identified Date	Wednesday, 08th January, 2020	Monday, 9th March, 2020
Last date for upward revision of the Offer Price and / or the Offer Size	Monday, 13th January, 2020	Friday, 13th March, 2020
Last date by which the recommendation of the committee of independent directors of the Target Company will be published	Friday, 10th January, 2020	Thursday, 12th March, 2020
Date of public announcement for opening of the Offer in the newspapers where the DPS has been published.	Tuesday, 14th January, 2020	Monday, 16th March, 2020
Date of Commencement of tendering period	Wednesday, 15th January, 2020	Tuesday, 17th March, 2020
Date of Closing of tendering period	Tuesday, 28th January, 2020	Tuesday, 31st March, 2020
Last date of communicating rejection/acceptance and payment of consideration for accepted tenders/return of unaccepted Equity Shares	Tuesday, 11th February, 2020	Monday, 20th April, 2020

There was no competing offers for the Acquirers offer.

***Identified date is only for the purpose of determining the names of the shareholders as on such date to whom the Letter of Offer would be sent. All shareholders (registered or unregistered) of equity shares of the Target Company (except Acquirers and Seller) are eligible to participate in the Offer any time before the closure of the Offer.*

****actual date of receipt of SEBI final observations*

10. **Other information**
   The Acquirers namely, Mr. Manishkumar Raichand Shah and Mr. Sameer Amit Shah accept full responsibility, severally and jointly, for the obligations of the Acquirers as laid down in the SEBI SAST Regulations, 2011 and for the information contained in this Offer Opening Public Announcement and Corrigendum.
   This Offer Opening Public Announcement and Corrigendum would also be available on SEBI's website at www.sebi.gov.in and on the website of the Manager to the Offer.

Issued by Manager to the Offer on behalf of the Acquirers

FINSHORE
Creating Enterprise Managing Values

Finshore Management Services Limited,
Anandlok Block A, Room-207, 227, AJC Bose Road, Kolkata-700020
Tel: +91- 033-22895101/9831020743; **Website:** www.finshoregroup.com
Investor Grievance email id : info@finshoregroup.com
Contact Person: Mr. S Ramakrishna Iyengar; **SEBI Registration No:** INM000012185

Sd/-
Manishkumar Raichand Shah

Sd/-
Sameer Amit Shah

Place: Kolkata
Date: 16th March 2020

CONCEPT

सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

आईएनए कॉलोनी शाखा, शुभांचल होस्टल बिल्डिंग, आईएनए कॉलोनी, नई दिल्ली-23, टेली.: 011-24618597, 24690642
www.syndicatebank.in, ईमेलः br.9007@syndicatebank.co.in

प्रपत्र-X-II
परिशिष्ट-IV-ए
(नियम 8(6) का प्रावधान देखें)
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियों की ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारक(कों) तथा गारन्टर(रों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूति क्रेडीटर के पास गिरवी/चार्ज्ड नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका प्रतिभूति क्रेडीटर के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक कब्जा किया गया है, की 1) मै. श्रीजी स्टील, प्रतिनिधित्व द्वारा उसके प्रॉप्राईटर श्री जगमोहन लाल (ऋणधारक) 2) श्रीमती सरोज बाला (गारन्टर) से प्रतिभूत क्रेडीटर के बकाये आरसी नं. 502/2019 के माध्यम से मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट, उत्तर-पूर्व, कोर्ट नं. 68, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली द्वारा जारी वसूली प्रमाणपत्र के अनुसार 12.3.2020 से उसकी सम्पूर्ण वसूली तक लागत, खर्चे तथा 17.10% प्रति वर्ष की दर से आगे के ब्याज के साथ रु. 2591995.51 (रुपये पच्चीस लाख इक्यानवे हजार नौ सौ पंचानवे एवं पैसे इक्यावन मात्र) की वसूली के लिये 20.12.2019 को ''जैसा है जहां है'', तथा ''जो भी जैसा है'' तथा ''जो कुछ भी वहां है'' आधार पर बिक्री की जायेगी। आरक्षित मूल्य रु. 1218000/- तथा धरोहर राशि भुगतान रु. 121800/- है।

ई-नीलामी का विवरण इस प्रकार है:

ई-नीलामी की तिथि एवं समय	9.4.2020 को 11.00 बजे पूर्वा. से 2.00 बजे अप.
सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य	रु. 1218000/-
ई-नीलामी वेबसाईट का पता	http://syndicatebank.auctiontiger.net
धरोहर राशि भुगतान (ईएमडी)	रु. 121800/-
बोली जमा करने की अंतिम तिथि	7.4.2020
न्यूनतम बोली वृद्धि राशि	रु. 25,000/-
इच्छुक क्रेता के लिये सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि	4.4.2020, कार्यालय अवधि के दौरान

सम्पत्ति का विवरण

अचल/चल सम्पत्तियों का विवरण:
गली नं. 10, भजनपुरा, दिल्ली-110053 में छत के अधिकार के साथ सी-284/3रा तल, ब्लॉक-सी में श्रीमती सरोज बाला के नाम में सम्पत्ति जिसका मूल्यांकन रु. 12.18 लाख किया गया है, का सभी भाग तथा हिस्सा।

चौहद्दी:
पूर्वः गली 15 फीट चौड़ा — पश्चिमः अन्य सम्पत्ति
दक्षिणः जैन धरमशाला की सम्पत्ति — उत्तरः अन्य सम्पत्ति

बिक्री के नियमों एवं शर्तों के लिये कृपया प्रतिभूत क्रेडीटर की वेबसाईट अर्थात् www.syndicatebank.in में दी गई लिंक तथा **http://syndicatebank.auctiontiger.net** देखें।

तिथिः 13.3.2020 — (प्राधिकृत अधिकारी)
स्थानः दिल्ली — **सिंडिकेट बैंक**

सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

सिंडिकेट बैंक, हैदरपुर शाखा
177, हैदरपुर, दिल्ली-110088, टेली.: 011-27490670, 27490671
ई-मेलः **br.9021@syndicatebank**

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियों की ई-नीलामी बिक्री सूचना

